CMYK

दैनिक
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 09 अंक : 242 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 25 अप्रैल, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

jaipurtimes.org twitter.com/JaipurTimes2 facebook.com/dainikjaipurtimes youtube.com/c/JaipurTimes instagram.com/jaipurtimesjt

# आतंकियों को मिलेगी कल्पना से अधिक सजा, पृथ्वी के अंतिम छोर तक खदेड़ेंगे : पीएम मोदी





जयपुर टाइम्स

**मधुबनी(एजेंसी)।।** पहलगाम में आतंकी हमले की घटना के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार से आतंकियों को सख्त संदेश दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में इस हमले की साजिश रचने वालों और इसे अंजाम देने वालों को चेताते हुए कहा कि उन्हें सजा मिलकर रहेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। पीएम मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है, उससे पूरा देश व्यथित है। कोटि-कोटि देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। इन परिवारजनों का अभी इलाज चल रहा है। वे जल्द स्वस्थ हों, इसके लिए भी सरकार हर प्रयास कर रही है। इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने अपना भाई खोया, किसी ने अपना जीवनसाथी खोया। इनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ बोलता था, कोई मराठी, कोई गुजराती था, कोई यहां बिहार का लाल था। आज उन सभी की मृत्यु पर करगिल से कन्याकुमारी तक हमारा दुख और आक्रोश एक जैसा है। यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। सजा मिलकर रहेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज बिहार की सरजमीं से मैं पूरी दुनिया से यह कहना चाहता हूं कि भारत इन लोगों की पहचान करेगा, उन्हें ढूंढेगा और हर आतंकी और उनकी मदद करने वालों को सजा देगा। हम उन्हें पृथ्वी के अंतिम छोर तक खदेड़ देंगे। भारत की आत्मा को आतंकवाद कभी नहीं तोड़ सकता। इंसाफ मिले, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस दुनिया में जो भी इंसानियत के पक्ष में है, वह हमारे साथ है। इस वक्त दुनिया में जो हमारे साथ खड़ा है, हम उनके शुक्रगुजार हैं। पीएम मोदी के संबोधन से पहले, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन (ललन) सिंह ने भी पहलगाम हमले पर अपनी प्रतिक्रिया दी। मंच से बोलते हुए उन्होंने कहा कि पहलगाम में एक घटना हुई जिससे आप मर्माहत है और आपके साथ पूरा देश मर्माहत है। इसके पहले भी पुलवामा में आतंकी घटना हुई थी पूरा देश आपके साथ था और आज इस आतंकवाद की घटना के बाद भी पूरा देश आपके साथ है और आपकी शक्ति पर इस देश के लोगों को भरोसा है कि आप समय पर उन्हें कड़ा जवाब देंगे। बिहार के सभी केंद्रीय मंत्रियों के साथ क्षेत्रीय सांसद-विधायक के अलावा सत्तारूढ़ दलों के सभी एमपी व कई एमएलए-एमएलसी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे हुए थे। सभी ने पीएम मोदी का स्वागत किया। पहलगाम हमले के कारण इस सभा में तामझाम नहीं रखा गया है। सादगी से कार्यक्रम करने की घोषणा की गई है।

## दुश्मनों को घर में ही नेस्तानाबूद करने की तैयारी

भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य की सटीकता से सफल परीक्षण किया है। ये मिसाइल परीक्षण हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक और मील का पत्थर साबित हुआ है। जानकारी के मुताबिक, भारतीय नौसेना की तरफ से अरब सागर में मिसाइल का परीक्षण किया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद आईएनएस सूरत पर किया गया परीक्षण दुश्मन देशों के लिए किसी चेतावनी से कम नहीं है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमले के बाद पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा पर कैबिनेट समिति ने कई अहम फैसले लिए हैं। इसमें पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। वहीं अटारी बॉर्डर को भी बंद कर दिया गया है। जबकि भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। इसके साथ पाकिस्तान के राजनायिकों को भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही सेना को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है।

## पहलगाम हमले के बाद भारत की डिजिटल स्ट्राइकः पाकिस्तान सरकार का ऑफिशियल एक्स अकाउंट सस्पेंड




जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत लगातार कड़े एक्शन ले रहा है, चाहे अटारी बॉर्डर बंद करने का आदेश हो या फिर सिंधु नदी का पानी रोकने का फैसला, भारत सरकार लगातार पाकिस्तान पर दबाव बना रही है। इस बीच भारत ने एक और बड़ा एक्शन लिया है। भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तानी सरकार के आधिकारिक एक्स अकाउंट को भारत में सस्पेंड कर दिया है। इस एक्शन को डिजिटल स्ट्राइक के रूप में माना जा रहा है। बता दें कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। अनंतनाग जिले के बैसरन मैदानी क्षेत्र में हुए इस क्रूर हमले में कई लोग घायल हो गए और पूरे देश में हड़कंप मच गया। हमले के बाद भारत ने सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में हुई सीसीएस की बैठक में भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि को तब तक स्थगित रखने का फैसला किया जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन देने से पूरी तरह से मना नहीं कर देता।

भारत ने अटारी चेक पोस्ट को तत्काल प्रभाव से बंद करने का भी फैसला किया है। इसके अलावा, देश ने सार्क वीजा छूट योजना के तहत जारी किए गए सभी वीजा को रद करने का फैसला किया है और पाकिस्तान लोगों को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया है। भारत ने पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा/सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को अवांछित घोषित कर दिया है और उन्हें एक सप्ताह के भीतर भारत छोड़ने का आदेश दिया है। सुरक्षा उपाय के रूप में भारत ने इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग से अपने रक्षा, नौसेना और वायु सलाहकारों को वापस बुलाने का फैसला किया है।

## राजस्थान में पर्यटक फ्रेंडली और सुरक्षित वातावरण का निर्माण हो

## पर्यटकों से पुलिस संवेदनशील होकर करें व्यवहारः दिया कुमारी



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में पर्यटन शासन सचिव रवि जैन की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपस्थिति में गुरुवार को शासन सचिवालय में पर्यटक सुरक्षा विषय पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें पर्यटक सहायता बल के सुदृढ़ीकरण से सम्बंधित बिन्दुओं पर चर्चा की गई। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बैठक में निर्देश दिए कि राजस्थान में पर्यटक फ्रेंडली और सुरक्षित वातावरण निर्माण के लिए पुलिस पर्यटकों से संवेदनशील होकर व्यवहार करें व सुरक्षा के मानदंडों का अनुसरण करें। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। पर्यटकों की सुविधाएं और सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कार्य करने से निश्चित ही राजस्थान में आने वाले पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। उपमुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान पर्यटक सहायता बल की पर्यटक स्थलों पर तैनाती उनके कार्यों, वर्तमान परिदृश्य में पर्यटकों के साथ होने वाले घटनाओं व उनकी समस्याओं को सुलझाने, पर्यटक स्थलों पर टिकिटिंग व प्रवेश द्वार पर विशेष चैंकिग के लिए मेटल डिटेक्टर लगवाने, पर्यटकों के साथ बार-बार घोखाधड़ी करने वाले ट्यूर ऑपरेटरों व होटल मालिकों को ब्लेकलिस्ट करने, राज्य के बाहर से आने वाले पर्यटकों को पुलिस की ओर से संवेदनशीलता से व्यवहार किए जाने जैसे बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटक थानों के सुपरविजन व राज्य पुलिस के जवान प्रतिनियुक्ति पर लिए जाने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में आनन्द कुमार त्रिपाठी, अति. निदेशक (विकास), ललित कुमार, विशेषाधिकारी उप मुख्य मंत्री, उपेन्द्र सिंह, शेखावत उप निदेशक, टीआरसी जयपुर, विजय सेहरा, उप निदेशक (टैफ) जयपुर, मानसिंह राठौड, कॉर्डिनेटर (टैफ) जयपुर उपस्थित रहें।

## बजट समीक्षा बैठकः तय समय में पूरी करें बजटीय घोषणाएं

## अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभः सीएम भजनलाल

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बजट 2025-26 में राजस्थान को आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकासोन्मुखी बनाने का रोडमेप तैयार किया गया है। बजट में राज्य की सभी 200 विधानसभाओं के विकास के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी से काम करते हुए तय समय में बजटीय घोषणाओं की क्रियान्विति सुनिश्चित करें जिससे 'आपणो अग्रणी राजस्थान' की संकल्पना को गति मिल सके। शर्मा ने गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित किया।।बैठक में मुख्यमंत्री ने विभिन्न घोषणाओं की प्रगति की। शर्मा ने विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बजटीय घोषणाओं की प्रगति का नियमित फॉलोअप सुनिश्चित कर रही है जिससे जमीनी स्तर पर इन योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से पहली बार प्रस्तुत ग्रीन बजट से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश को हरित राजस्थान बनाए रखने के लिए सार्वजनिक व निजी क्षेत्र के विषय विशेषज्ञों के माध्यम से ग्रीन ऑडिट करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत राज्य में करोड़ों की संख्या में पौधारोपण किया गया। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में पारिस्थितिकी संतुलन के लिए जन जागरूकता बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक सश?क्तिकरण के लिए राजीविका मिशन के तहत 20 लाख महिलाओं को लखपति दीदी योजना से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने सहकारिता विभाग व राजीविका को आपसी समन्वय बनाते हुए काम करने के निर्देश दिए जिससे सहकारी बैंक भी मजबूत होंगे और महिलाओं को भी आर्थिक संबल मिलेगा। शर्मा ने कहा कि आयुष्मान राजस्थान की संकल्पना को पूरा करने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। उन्होंने समस्त जिला चिकित्सालयों में डे-केयर सेंटर बनाने व डायबिटिक क्लिनिक स्थापित करने सहित स्वास्थ्य विभाग की अन्य बजटीय घोषणाओं की प्रगति की जानकारी ली और इन्हें समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 5 हजार उचित मूल्य की दुकानों पर अन्नपूर्णा भंडार खोलने के लिए तेज गति से काम करें। साथ ही, खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजीविका से सामन्जस्य स्थापित कर उनके उत्पादों की बिक्री और ब्रांडिंग को भी बढ़ावा दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजटीय घोषणाओं की स्पष्ट कार्ययोजना बनाई जाए जिससे तय समय सीमा में घोषणाएं धरातल पर उतर सके। उन्होंने कहा कि विभाग अपनी बजटीय घोषणाओं की प्रगति रिपोर्ट तैयार कर मुख्यमंत्री कार्यालय में नियमित रूप से भेजें। मुख्यमंत्री ने जिन विभागों में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है, उन्हें सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में तेजी लाई जाए व नियमित मॉनिटिरिंग की जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने जल संसाधन, वित्त, वन, पर्यावरण, ग्रामीण विकास, राजस्व, स्वायत्त शासन, चिकित्सा व स्वास्थ्य, खान व पेट्रोलियम, खाद्य व नागरिक आपूर्ति, सहकारिता, कार्मिक, स्कूल शिक्षा, गोपालन, पंचायतीराज, श्रम व उद्यानिकी जैसे प्रमुख विभागों की बजटीय घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा की। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## *भारत की कार्रवाई से बौखलाया पाकिस्तान, युद्ध की दी गीदड़ भभकी*



जयपुर टाइम्स

**इस्लामाबाद(एजेंसी)।** पहलगाम में हुए आंतकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े फैसले लिए हैं। भारत की ओर से की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने आज राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक की। ये बैठक इस्लामाबाद में शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में पाकिस्तान के तीनों सेनाध्यक्ष, महत्वपूर्ण मंत्री, शीर्ष सिविल और सैन्य अधिकारी शामिल हुए थे। पाकिस्तान मीडिया के मुताबिक, पाकिस्तानी सरकार का कहना है कि अगर भारत ने पाकिस्तान के हिस्से का पानी रोकने या उसकी दिशा बदलने की कोशिश की, तो इसे युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। सभी द्विपक्षीय समझौते तत्काल प्रभाव से स्थगित किए गए।

पाकिस्तान ने वाघा बॉर्डर बंद करने के आदेश जारी कर दिए हैं। भारतीय एयरलाइंस के लिए अपने एयरस्पेस बंद किया।

एनएससी बैठक के बाद पाकिस्तान ने कहा कि पाकिस्तान की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे का सभी क्षेत्रों में मजबूती से जवाब दिया जाएगा।

पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि को निलंबित करने के भारत के फैसले को 'अस्वीकार' करते हुए कहा कि यह 240 मिलियन पाकिस्तानियों के लिए जीवन रेखा है। पाकिस्तान ने कहा कि भारत ने पानी रोका तो उसे युद्ध जैसा कृत्य माना जाएगा।

## नीरज की अंतिम विदाई में पहुंचे सीएम बोले रखे धीरज

# खून के एक-एक कतरे का होगा हिसाबः भजनलाल

## उधवानी को दी श्रद्धांजलि

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जयपुर के चार्टर्ड अकाउंटेंट नीरज उधवानी की मौत पर पूरा राजस्थान शोकाकुल है। उनके मॉडल टाउन स्थित आवास पर श्रद्धांजलि देने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से लेकर केंद्रीय मंत्रियों और विपक्ष के नेताओं तक ने नीरज को श्रद्धांजलि दी और परिजनों को सांत्वना दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि आतंकी हमले का हिसाब बाकी है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे भी नीरज के घर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



### सीएम और डिप्टी सीएम ने अंतिम विदाई दी

नीरज उधवानी को अंतिम विदाई देने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, डिप्टी सीएम दीया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विपक्ष के नेता टीकाराम जूली, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, उद्योग मंत्री राज्यवर्धन राठौड़, और कई वरिष्ठ नेता पहुंचे। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे नीरज उधवानी के घर पहुंचकर उनकी पार्थिव देह पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने इस दौरान नीरज के शोक संतप्त परिजनों को ढाढस भी बंधाया। उन्होंने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति और उन्हें यह भारी दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

### *सीएम ने की नीरज की मां से मुलाकात*

*उन्होंने नीरज की मां और परिवार से मुलाकात की। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जो कायराना हरकत की गई है। उसके खिलाफ पूरा देश एकजुट है। मोदी सरकार ने पहले भी कड़े फैसले लिए हैं और अब देश की भावना का सम्मान करते हुए और भी कठोर कदम उठाए जाएंगे। आतंकियों का हिसाब अब भी बाकी है। श्रद्धांजलि देने पहुंचे केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। निर्दोष लोग जो अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने गए थे उनकी जान ले ली गई। लेकिन देश सिर्फ दुखी नहीं है, वह आक्रोश में भी है। इस आतंक की जड़ तक जाकर सफाया करना होगा. उन्होंने कहा कि सरकार मामले में कड़ी कार्रवाई की दिशा में काम कर रही है, और जो भी जिम्मेदार हैं, उन्हें सजा जरूर दी जाएगी। उन्होंने रॉबर्ट वाड्रा के बयान पर कहा कि आतंकियों के प्रति सहानुभूति रखने वालों के लिए इस तरह का बयान बताता है कि उनकी सोच क्या है? हालांकि, ये उनका निजी बयान है. लेकिन इसने उनकी मानसिकता को ज़ाहिर कर दिया है।*

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस को जयपुर में भावभीनी विदाई



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस ने गुरुवार प्रातः अपनी जयपुर यात्रा पूर्ण कर स्वदेश के लिए प्रस्थान किया। जयपुर एयरपोर्ट पर उद्योग व वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ और मुख्य सचिव सुधांश पंत ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। वेंस 21 अप्रैल को अपनी पत्नी उषा वेंस और बच्चों के साथ जयपुर पहुंचे थे। अपने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान उन्होंने ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण किया और राजस्थान की संस्कृति व हस्तशिल्प की सराहना की। जयपुर प्रवास के दौरान वेंस ने राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर व्यापारिक साझेदारी व सांस्कृतिक सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा की। उनकी यात्रा दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत मानी जा रही है।

CMYK

# विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाएगा आज

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मलेरिया की रोकथाम और जागरूकता के लिए 25 अप्रेल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि जिले के सभी बीसीएमओ एवं चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को मलेरिया दिवस पर जागरुकता के लिए मलेरिया दिवस की थीम पर आधारित आईईसी गतिविधियां आयोजित कर जिला मुख्यालय पर रिपोर्ट भेजने हेतु निर्देश जारी कर दिए गये है। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. महेश कुमार बैरवा ने बताया कि इस बार "Malaria Ends With Us: Reinvest, Reimagine, Reignite " थीम पर आधारित गतिविधियां होगी की जा रही है। मच्छर जनित तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विभाग के कार्मिक घर-घर सर्वे, एंटी लार्वल व एंडी एडल्ड गतिविधियां आयोजित कर आमजन को जागरूक किया जाएगा।

## वन मंत्री ने सिक्किम के राज्यपाल की प्रस्तावित यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रमों की तैयारियों का लिया जायजा



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने प्रताप ऑडिटोरियम में पहुंचकर 27 अप्रैल को सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर की अलवर में प्रस्तावित यात्रा के तहत आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लिया। मंत्री शर्मा ने प्रताप ऑडिटोरियम में पहुंच कर यूआईटी व पुलिस के अधिकारियों को कार्यक्रम की तैयारियों के संदर्भ में चर्चा कर निर्देशित किया कि कार्यक्रम प्रवेश, बैठक, मंच, ई लाइब्रेरी के वर्चुअल उद्घाटन की व्यवस्था आदि के साथ रूट व लाइब्रेरी के निरीक्षण की पुख्ता तैयारियां करना सुनिश्चित करें। उन्होंने की जा रही व्यवस्थाओ का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान केंद्रीय वन मंत्री के निजी सहायक नितिन चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक अंगद, यूआईटी के अधिशाषी अभियंता अशोक मदान व कुमार संभव अवस्थी, पं.जले सिंह, सतीश यादव, अमित गोयल, अरुण जैन मौजूद रहें।

## सांख्यिकी संयुक्त निदेशक रणवीर सिंह ने किया ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालयों का निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** आर्थिक व सांख्यिकी निदेशालय,जयपुर के संयुक्त निदेशक रणवीर सिंह ने गुरुवार को जिले के चूरू व रतनगढ़ ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। रणवीर सिंह ने संबंधित ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यालय की सभी पत्रावली ई-फाईल के माध्यम से ही मूव की जाएं। आमजन से प्राप्त होने वाली सभी परिवेदनाओं को अतिशीघ्र निस्तारित करें और समस्त विभागीय कार्या को नियत समय पर संपादित किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही संयुक्त निदेशक रणवीर सिंह ने ग्राम पंचायत जसरासर के जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित रजिस्ट्रार को निर्देशित किया कि नियत समयावधि में ही जन्म- मृत्यु व विवाह पंजीयन के प्रमाण-पत्र जारी कर शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करें। उन्होंने ई-फाईल सिस्टम, राजकाज, पहचान पोर्टल, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन, जनाधार कार्य, संस्था आधार, फसल कटाई प्रयोग, राजस्थान संपर्क, ई-ग्राम परियोजना, स्थानीय निकाय के लेखों के वर्गीकरण आदि से संबंधित कार्यां और उनसें संबंधित दस्तावेजो का अवलोकन किया। जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) डॉ रामगोपाल जाट ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान चूरू बीएसओ पूजा मीणा और रतनगढ़ बीएसओ मो सलीम खान भी साथ रहे।

## आई स्टार्ट प्रोग्राम का आउटरीच सत्र आयोजित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित मॉडर्न टीटी गर्ल्स कॉलेज में गुरुवार को सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के 'आई स्टार्ट प्रोग्राम' के तहत आउटरीच सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य अशोक मीणा ने कहा कि आई स्टार्ट जैसे प्रोग्राम की पहल न केवल छात्राओं को आवश्यक कौशल से लैस करती है, बल्कि उन्हें अग्रणी बनने के प्रेरणा भी देती है। आयोजन के प्रति अपना उत्साह साझा करते हुए उन्होंने कहा कि उद्यमिता आर्थिक विकास की रीढ़ है। उन्होंने इस सत्र का आयोजन कर छात्राओं को अमूल्य अवसर प्रदान करने के लिए विभाग की सराहना की। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे अपने विचारों को साझा कर इस मंच का पूरा लाभ उठाएं। इस तरह का कार्यक्रम हमारी छात्राओं के बीच उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आउटरीच सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में आई स्टार्ट नेस्ट के मेंटर मनु विजय, डोमेन एक्सपर्ट सुशील कुमार शर्मा व जूनियर डोमेन एक्सपर्ट मुहम्मद शाहरुख उपस्थित रहे। मनु विजय ने छात्राओं को आई स्टार्ट प्रोग्राम की महत्ता और उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 'आई स्टार्ट प्रोग्राम' का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में सशक्त बनाना है। उन्होंने छात्राओं को आई स्टार्ट प्रोग्राम के तहत मिलने वाले अवसरों, जैसे फंडिंग, मेंटरशिप, नेटवर्किंग, को-वर्किंग स्पेस के बारे मे विस्तार से बताया।

# जिला कलक्टर ने किया रैणी क्षेत्र का दौरा व्यवस्थाओं का लिया जायजा





## पेयजल आपूर्ति की प्रभावी मॉनिटरिंग करने एवं केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं पात्र लोगों को लाभ दिलाने के दिए निर्देश

## सरकारी कार्यालयों में सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखने के दिए दिशा-निर्देश

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने रैणी क्षेत्र का दौरा कर उपखण्ड कार्यालय में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कहा कि किसानों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभांवित कराने एवं किसानों की आय दुगुना करने के लिए 'प्रोजेक्ट समृद्ध किसान' शुरू किया है जिसके तहत किसानों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभांवित करावे। इसी प्रकार 'सशक्त नारी, समृद्ध गांव' नवाचार के तहत वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित कर महिलाओं एवं विद्यार्थियों को ऑनलाइन फ्रॉड, ऑनलाइन भुगतान आदि की वित्तीय जानकारी देवे। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर जलदाय विभाग के अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये कि योजना के तहत कराए जाने वाले कार्यों में गति लाकर निर्धारित समय में लक्ष्य को अर्जित करें। साथ ही सुनिश्चित करे कि कार्य गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे तथा कार्यों को समयबद्ध रूप मे पूर्ण करावे। उन्होंने जिले के शेष रहे सभी राजकीय विद्यालयों एवं आंगनबाडी केंद्रों में पेयजल कनेक्शन कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि ग्रीष्म ऋतु में आमजन को पेयजल संबंधी परेशानी का सामना नहीं करना पडे इसके लिए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग करें तथा नियमित रूप से फील्ड विजिट कर आमजन की पेयजल संबंधी परिवेदनाओं को त्वरित गुणवत्ता के साथ निराकरण करें। पेयजल प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति करावे। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी को निर्देश दिये कि ई-विद्या प्रोजेक्ट के तहत निर्मित ई- लाइब्रेरियों की प्रभावी मॉनिटरिंग करें। साथ ही सुनिश्चित करें कि लाइब्रेरी में सीसीटीवी कैमरे, कम्प्यूटर, स्मार्ट बोर्ड, प्रिंटर, अच्छा फर्नीचर, इंटरनेट कनेक्टिविटी, चाइल्ड फ्रेंडली वातावरण जैसी सुविधाएं विकसित करावे तथा विद्यालयों में वाटर हार्वेस्टिंग, ग्रीन कैम्पस और शौचालयों का निर्माण करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत जनसुनवाई करते हुए आमजन की परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में निस्तारण कर फरियादियों के संतुष्टि स्तर में वृद्धि करें। साथ ही प्रयास करें कि फरियादी की परिवेदना का निस्तारण ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में होवे, ताकि फरियादी को जिला स्तरीय जनसुनवाई में नहीं आना पडे। उन्होंने निर्देश दिये कि क्षेत्र को स्वच्छ व साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग कर कार्यों में गुणात्मक सुधार करते हुए निरन्तरता बनाए रखे। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी व बीसीएमएचओ को निर्देशित किया कि क्षेत्र को टीबी मुक्त बनाने के लिए 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान'को व्यापक स्तर पर संचालित करने और प्रत्येक ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित करने की दिशा में ठोस कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देश दिये कि रास्ता खोलो अभियान के तहत आम रास्ता को खुलवाए। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी एवं संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को सरकारी कार्यालयों में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप में संचालित रखने, आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित निराकरण करने एवं पात्र लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभांवित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि बजट घोषणाओं का धरातल पर क्रिन्यान्वयन करें तथा जिन घोषणाओं में भूमि का आवंटन नहीं हुआ है उनका आवंटन करावे।

### सरकारी कार्यालयों का किया निरीक्षण

जिला कलक्टर ने रैणी के तहसील कार्यालय, विकास अधिकारी कार्यालय व पंचायत समिति कार्यालय का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि रजिस्टर, पत्रावलियां आदि का नियमित रूप से संधारण करे। कार्यालय में ई-वर्क को अपनाते हुए ई-पेपर का यूज करें। उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन को मूलभूत सुविधाओं हेतु किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पडे इसलिए लिए सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखे। कार्यलय में नियमित जनसुनवाई कर फरियादियों की परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करें। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी हरकेश मीणा, पुलिस उपाधीक्षक मनीषा मीणा, थानाधिकारी रामजीलाल मीणा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अश्वत्थ लर्निंग कम्यूनिटीज़ द्वारा कंप्यूटर क्लासेज एवं लाइब्रेरी की सुविधा का शुभारम्भ आज

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आर.डी.एन.सी. मित्तल फ़ाउंडेशन द्वारा संचालित अश्वत्थ लर्निंग कम्यूनिटीज़ द्वारा राजकीय महात्मा गाँधी उच्च माध्यमिक विद्यालय देवखेडा में प्राथमिक कक्षा के छात्रों के लिए कम्प्यूटर लैब एवं लाइब्रेरी आगामी 25 अप्रैल 2025 से प्रारम्भ करने जा रहे है। प्रारम्भिक तौर पर देवखेडा स्कूल में 5 कंप्यूटर, 5 कंप्यूटर टेबल,15 लकड़ी के स्टूल, 1 बडा म्यूजिक सिस्टम, एयरटेल कम्पनी का एयर फाइबर कनेक्शन, लाइब्रेरी में किताबो की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। आर.डी.एन.सी. मित्तल फाउंडेशन की आजीवन ट्रस्टी और वर्ष 2015 -16 की नेशनल यूथ अवार्डी, अश्वत्था लर्निंग कम्युनिटीज को संचालित करने वाली आरुषी मित्तल ने बताया कि 21 वीं सदी के अनुसार अध्यापक एवं बच्चो को शिक्षा देकर तैयार करने का कार्य कर रही है राजकीय उच्च माध्यमिक रेलवे स्टेशन स्कूल एवं खुदनपुरी स्कूल के बाद देवखेडा स्कूल में कंप्यूटर लैब एवं लाइब्रेरी शुरू करने के पीछे भी हमारा यह उद्देश्य है कि प्रारंभिक स्तर से ही बच्चो को डिजिटल साक्षरता एवं कोडिंग कौशल का ज्ञान होना चाहिए ताकि बच्चो को समाज में हो रहे तकनिकी विकास और कौशल के बारे में जानकारी होना, जिससे वह इन्टरनेट प्लेटफॉर्म्स, सोशल मीडिया, मोबाइल फोन का उपयोग अच्छे प्रकार से करने में सक्षम हो जिससे वह समाज के साथ अपने आवयश्कता को भी डिजिटल उपकरणों के माध्यम से करने में सामर्थ्यवान हो सके। अश्वत्था लर्निंग कम्युनिटीज - एम.आई.टी. बोस्टन आधारित स्क्रेच एजुकेटर लेबोरेटरी एंड यूजेस द प्लेटफ़ॉर्म स्क्रैच टू टीचिंग यंग चिल्ड्रन कोडिंग स्किल्स पर कार्य कर रहा है। इसके अतिरिक्त कंप्यूटर आधारित गेम्स से नयी शिक्षा नीति के तहत निपुण भारत मिशन के अनुसार मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता का ज्ञान हो पायेगा।

## पैथलैब मिनिमम स्टैंडर्ड लागू, अब पांच साल का स्थायी रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिले के पैथलैब संचालक क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत लैब का पांच साल का ऑनलाइन या ऑफलाइन स्थायी रजिस्ट्रेशन कराकर फाइल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय को भिजवाएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा बताया कि जिले में पैथोलॉजी लैब के मिनिमम स्टैंडर्ड बनने के बाद विभाग अलर्ट मोड पर है। पैथलैब संचालकों को क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत लैब का पांच साल का स्थायी रजिस्ट्रेशन कराना होगा, इससे न केवल प्रशिक्षा स्टाफ बल्कि क्वालिटी युक्त जांच रिपोर्ट के आधार पर बीमारी को सही तरीके से इलाज करना आसान होगा। उन्होंने बताया कि 5 मई तक पंजीकरण कराने वाले पैथ लैब की सूचना निदेशालय को भेजनी होगी। नियमों की पालना नहीं करने पर 10 हजार से 5 लाख रूपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही फायर सेफ्टी एनओसी लेना भी अनिवार्य होगा। उन्होंने बताय कि जिले में करीब 200 पैथलेब हैं जिनमें से कार्यालय में 6 लैब की रजिस्ट्रेशन फाइल प्राप्त हुई है एवं 3 लैब की विज्ञप्ति सूचना प्रकाशित हो चुकी है।

### शिकायत पर होगी कार्रवाई

उन्होंने बताया कि किसी भी शिकायत पर जिला कलक्टर, सीएमएचओ कन्वीनर, पुलिस अधीक्षक या मनोनीत सदस्य, स्वायत शासन निकाय का सदस्य और मेडिकल एसोसिएशन सदस्य कार्रवाई के लिए अधिकृत होगा। उन्होंने बताया कि मिनिमम स्टैंडर्ड में बेसिक, मीडियम व एडवांस लैब आती है। बेसिक लैब में एमबीबीएस, मीडियम व एडवांस लैब में निर्धारित योग्यतानुसार एमडी होना आवश्यक है। जांच करने वाले लैब टेक्नीशियन निर्धायित योग्यता के साथ राजस्थान पैरामेडिकल काउंसिल में पंजीकृत होना चाहिए। लैब संचालकों को ट्रेंड स्टाफ रखना होगा व लैब का पूरा रिकॉर्ड रखना होगा।

## जिला कांग्रेस कमेटी की आवश्यक मीटिंग आयोजित होगी कल

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** 26 अप्रैल 2025 को जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर की एक आवश्यक मिटिंग आयोजित की जायेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि 28 अप्रैल 2025 को जयपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की आयोजित होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारियों को लेकर, हनुमान चौराहा के पास स्थित होटल अनन्ता में दोपहर 12.30 बजे होने वाली मीटिंग के मुख्य अतिथि AICC महासचिव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह तथा अति विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली होंगे। इसके अलावा मिटिंग में मुख्य रूप से रमेश खंडेलवाल संभाग प्रभारी, फूल सिंह ओला पीसीसी महासचिव एवं अलवर संगठन प्रभारी, विधानसभाओं में नियुक्त PCC समन्वयक, DCC प्रभारी, संजना जाटव सासंद, विधायक ललित यादव, दीपचंद खैरिया, कान्ति मीणा, मांगेलाल मीना, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी, वरिष्ठ कांग्रेसजन, PCC के पदाधिकारी एवं सदस्य, DCC के पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, प्रधान एवं पूर्व प्रधान, नगर परिषद एवं नगर पालिकाओं के चेयरमैन एवं पूर्व चेयरमैन, जिला पार्षद, नगर निगम पार्षद, पंचायत समिति सदस्य, कांग्रेस विचारधारा के सरपंच, कांग्रेस के कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहेंगे।

## जिले में भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव

### जिला कलेक्टर ने जारी किए आदेश

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निस)।।** भीषण गर्मी और लू की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए, जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कार्यालय शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर द्वारा दिनांक 09 अप्रैल को जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना में जिला कलक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अध्यक्ष किशोर कुमार (द्धस) ने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए स्कूल समय में परिवर्तन के आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार, खैरथल-तिजारा जिले के समस्त राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों में कक्षा प्री-प्राइमरी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय का समय दिनांक 25 अप्रैल से सत्रांत तक प्रातः 07.30 बजे से दोपहर 11.15 बजे तक निर्धारित किया गया है। हालांकि, कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं, विद्यालय स्टाफ एवं अन्य संचालित परीक्षाओं का समय पूर्ववत यथावत रहेगा। जिला कलक्टर ने स्पष्ट किया है कि इन आदेशों की अवहेलना करने वाले किसी भी राजकीय या गैर-राजकीय विद्यालय के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन का यह निर्णय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य व सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए लिया गया है, ताकि बढ़ती गर्मी और संभावित लू के प्रभाव से उन्हें सुरक्षित रखा जा सके।

## केंद्रीय मंत्री के निर्देशन पर रामगढ़ विधायक की अगुवाई में अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा अग्यारा स्थित म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट प्लान्ट का निरीक्षण किया



### प्लांट के उन्नयन के प्रस्ताव तैयार करने एवं भविष्य में आग लगने की घटना की पुनरावृति ना हो इसके लिए एहतियात बरतने के दिए गए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव के निर्देशन पर रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह की अगुवाई में अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा अग्यारा में नगर निगम के म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट प्लांट का निरीक्षण किया। रामगढ विधायक सिंह ने नगर निगम अधिकारियों से कहा कि भविष्य में आग लगने की घटना की पुनरावृति ना हो इसके एहतियात बरतते हुए आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को प्लांट के उन्नयन के प्रस्ताव भिजवाने एवं प्लांट में सॉलिड वेस्ट कचरे के पूर्णतया निस्तारण के लिए रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि एसटीपी प्लांट के ट्रीटेड वॉटर का प्रयोग कर नियमित रूप से प्लांट में पानी डलवाया जाए, ताकि आग सुलगने की संभावना न रहे। इस दौरान नगर निगम आयुक्त ने बताया कि सॉलिड वेस्ट प्लान्ट में सुलग रही आग पर पूर्ण नियंत्रण पा लिया गया है। प्लांट को पूर्णतः सुरक्षित करने के लिए फायर ब्रिगेड व जेसीबी के माध्यम से कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने 21 अप्रैल को दिशा की बैठक ली थी जिसमें रामगढ क्षेत्र के अग्यारा में नगर निगम के म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट प्लान्ट में आग लगने की घटना का विषय संज्ञान में आया था। इस पर उन्होंने निर्देश दिये थे कि आगामी चार दिवस में स्थानीय विधायक, नगर निगम, स्थानीय प्रशासन व उनके प्रतिनिधियों के संयुक्त दल द्वारा अग्यारा स्थित प्लांट का निरीक्षण किया जाएगा। इससे पूर्व आग को पूरी तरह से नियंत्रण में करने की कार्यवाही करने के साथ प्लांट के उन्नयन आदि के बारे में मौके पर ही चर्चा की जावे। इसकी अनुपालना संयुक्त दल द्वारा प्लांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रामगढ़ प्रधान नसरू खॉ, नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूक, उपखंड अधिकारी रामगढ़ सुरेंद्र प्रसाद, केंद्रीय मंत्री के निजी सचिव आयुष कुमार एवं नितिन सागवान, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, फायर ब्रिगेड अधिकारी बब्बू राम मीणा, तहसीलदार रामगढ़ सहित नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## चिकित्सा अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा-2024 के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना

### राजस्थान स्वास्थ्य विश्वविद्यालय द्वारा 27 अप्रैल को किया जाएगा परीक्षा का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान स्वास्थ्य विश्वविद्यालय द्वारा 27 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 से दोपहर 1 बजे तक चिकित्सा अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा-2024 का आयोजन किया जाएगा। जयपुर शहर के 70 केन्द्रों पर आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए कुल 17 हजार 189 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) गोपाल सिंह शेखावत ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसका संचालन 25 अप्रैल से 27 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। नियंत्रण कक्ष 25 अप्रैल एवं 26 अप्रैल 2025 तक प्रातः 10 बजे से सांय 6 बजे तक कार्य करेगा। वहीं, 27 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। परीक्षा के लिए कुल दो पारियों में 70 उप समन्वयक एवं 18 उड़नदस्तों का तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा। उक्त नियंत्रण कक्ष पर जयपुर में स्थापित किये गए परीक्षा केन्द्रों से संबंधित जानकारियां प्रदान की जाएंगी एवं जयपुर स्थित परीक्षा केंद्रों से संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राजस्थान स्वास्थ्य विश्वविद्यालय द्वारा आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के आयोजन के लिए पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, विद्युत विभाग, रोडवेज, जेसीटीसीएल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

## मंदिर गार्ड की हत्या के आरोपी के घर से मिली दो दोस्तों की लाशें, हत्या से पहले हुई थी पार्टी

जयपुर टाइम्स

**भीलवाड़ा(निसं.)।** शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र में मंदिर के गार्ड की हत्या के आरोपी दीपक नायर के घर से दो और लाशें मिलने से सनसनी फैल गई है। ये लाशें दीपक के दो दोस्तों, संदीप भारद्वाज (45) और रविन्द्र उर्फ मोनू (40) की हैं, जिन्हें धारदार हथियार से बेरहमी से मारा गया। पुलिस को शक है कि इन दोनों की हत्या भी मंदिर गार्ड की हत्या से पहले की गई थी। घटना की जानकारी उस वक्त सामने आई जब पुलिस आरोपी दीपक को लेकर उसके प्रतापनगर स्थित घर पहुंची। घर में बदबू आने पर जब पुलिस ने जांच की तो ड्राइंग रूम से सटे हॉल में खून से सनी दो लाशें पड़ी मिलीं। शवों के पास जले हुए गद्दे भी मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि आरोपी ने शवों को जलाने की कोशिश की थी। पुलिस के अनुसार, दीपक ने मंगलवार देर रात अयप्पा मंदिर के गार्ड लाल सिंह रावणा (55) की हत्या की थी। गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस ने उससे पूछताछ की, तो उसने अपने घर पर बाइक होने की बात कही। घर बंद होने पर जब तलाशी ली गई, तो वहां दो और हत्याओं का खुलासा हुआ। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दीपक ने संदीप और रविन्द्र के साथ शराब पार्टी की थी। इसी दौरान किसी बात पर कहासुनी हो गई, और नशे की हालत में दीपक ने दोनों की हत्या कर दी। हत्या का पैटर्न मंदिर गार्ड की हत्या से मेल खाता है - शरीर पर कई वार और प्राइवेट पार्ट पर चोट के निशान मिले हैं। संदीप एक फैक्ट्री में काम करता था और उसके दो बच्चे हैं, जबकि रविन्द्र एक इलेक्ट्रिशियन था और अविवाहित था। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है और राजस्थान पत्रिकास्रुव मोबाइल इन्वेस्टिगेशन यूनिट को मौके पर बुलाया गया है। भीलवाड़ा में इस तिहरे हत्याकांड से दहशत का माहौल है।

## ठगी के दो मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार, कार डील और डबल मुनाफा के नाम पर हड़पे लाखों

जयपुर टाइम्स

**कोटा(निसं.)।** शहर में ठगी के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो पहले से ही न्यायिक अभिरक्षा में जेल में बंद थे। दोनों आरोपियों ने अलग-अलग तरीकों से लोगों को झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी की थी। डीएसपी योगेश शर्मा ने जानकारी दी कि पहले मामले में अजमेर जिले के मांगलियावास निवासी संतोष सिंह ने एक व्यक्ति को फॉरच्यूनर कार की खरीद पर 10-12 लाख रुपये का फायदा दिलाने का झांसा दिया। संतोष ने अगस्त 2023 में फरियादी से 28 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए और कार किसी अन्य व्यक्ति के नाम डिलीवर करा दी। बाद में फरियादी को धोखा देने का अहसास हुआ और उसने 6 जनवरी 2025 को गुमानपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी संतोष सिंह को जोधपुर जेल से गिरफ्तार किया। दूसरे मामले में भीलवाड़ा जिले के सरसिया निवासी पवन जैन ने लोगों को एक साल में पैसे डबल करने का लालच देकर 20 लाख रुपये की ठगी की। अगस्त 2022 में एसपी कार्यालय में दर्ज परिवाद के आधार पर गुमानपुरा पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जांच में सामने आया कि आरोपी ने निवेश के नाम पर पैसा ऐंठा और धोखाधड़ी की। आरोपी पवन जैन को कोटा सेंट्रल जेल से गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ कोटा सहित कई अन्य जिलों में भी धोखाधड़ी के केस दर्ज हैं। कोटा पुलिस की इस कार्रवाई ने एक बार फिर से सावधान कर दिया है कि निवेश या लाभ के बड़े वादों में पड़कर बिना जांच परख के पैसा लगाना भारी नुकसानदायक हो सकता है। पुलिस अब दोनों मामलों में आगे की जांच में जुटी है।

## 33 साल तक फर्जी मार्कशीट पर नौकरी करता रहा शिक्षक, हाईकोर्ट ने स्टे हटाकर दी कार्रवाई की छूट

**बांसवाड़ा(निस)।।** राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक सरकारी शिक्षक ने फर्जी मार्कशीट के जरिए नौकरी हासिल कर 33 वर्षों तक शिक्षा विभाग को गुमराह किया। आरोपी लक्ष्मीनारायण सिंह ने सेकेंडरी और हायर सेकेंडरी की मार्कशीट में नंबर बढ़ाकर खुद को प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण दिखाया, जबकि वह वास्तव में थर्ड डिवीजन से पास था। इस धोखाधड़ी के आधार पर उसने जुलाई 1992 में नौकरी प्राप्त की और अब तक लगभग 1.5 करोड़ रुपये की सैलरी उठा चुका है। यह मामला देवगढ़ PEEO के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय, खरवाली का है। 2022 में धौलपुर निवासी छविराम ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ फर्जी डिग्री की शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में यह सामने आया कि उसकी शैक्षणिक योग्यता दस्तावेज जाली हैं। इसके बाद विभाग ने लक्ष्मीनारायण सिंह को निलंबित कर दिया और चार्जशीट सौंपी। निलंबन के बाद आरोपी ने राजस्थान हाईकोर्ट की शरण ली और 25 फरवरी 2022 को अदालत से स्टे ले लिया। उसका तर्क था कि निलंबन आदेश नियुक्ति अधिकारी ने जारी नहीं किया है, इसलिए उसे रद्द किया जाना चाहिए। अदालत ने इस आधार पर विभागीय कार्रवाई पर अस्थायी रोक लगा दी थी। हाल ही में इस प्रकरण पर तीन वर्षों की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने स्टे हटा दिया है और विभाग को नए सिरे से कार्रवाई करने की अनुमति दी है। सरकारी वकील पवन भारती ने बताया कि अब विभागीय सस्पेंशन की प्रक्रिया फिर से शुरू की जाएगी।

# युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखने के लिए कार्ययोजना का हो प्रभावी क्रियान्वयन

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये निर्देश

### कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की समिति की बैठक

### प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री रोकने एवं जागरुकता अभियान चलाने के भी दिये निर्देश



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को जिले में युवाओं को नशे की लत से दूर करने और दूर रखने के लिए प्रभावी कार्ययोजना का धरातल पर क्रियान्वयन के निर्देश दिये हैं। साथ ही डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की जिला स्तरीय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए अधिकारियों को मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन, भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई करने के लिए भी निर्देशित है। उन्होंने अधिकारियों को सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान करने वालों के साथ-साथ विद्यालयों एवं कॉलेजों के पास स्थित दुकानों पर तम्बाकू उत्पाद बेचने वालों, दवा दुकानों की जांच करने एवं प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री, तय सीमा से अधिक दवा बिक्री, बिना लाइसेंस के दवा बिक्री सहित समस्त प्रकार की अनियमितताओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। बैठक में औषधि नियंत्रण विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वाले एवं प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने वाले दवा विक्रेताओं के खिलाफ लाइसेंस निलंबन एवं निरस्त करने की कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने युवाओं को नशे की जद में आने से बचाने के लिए सघन जागरुकता अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने नशा मुक्त जयपुर अभियान को जन-जन का अभियान बनाने के लिए अधिक से अधिक युवाओं को अभियान के तहत ई-शपथ लेने के लिए प्रेरित करने भी निर्देश दिये। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को जिले में बिना लाइसेंस के संचालित अवैध नशामुक्ति केन्द्रों पर प्रभावी कार्रवाई के एवं नवजीवन योजना के चिन्हित व्यक्तियों परिवारों को योजना के लाभांवित करने के लिए निर्देशित दिये। बैठक में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) संतोष कुमार मीणा सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, औषधि नियंत्रक विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, वन विभाग सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## उद्यानिकी फसलों में संभावनाओं पर जोबनेर कृषि महाविद्यालय में कुलपति डॉ. बलराज सिंह का संवाद

### प्रसंस्करण, विपणन व निर्यात के अवसरों पर छात्रों से चर्चा



जयपुर टाइम्स

**जोबनेर(निसं.)।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर में मंगलवार को आयोजित एक विशेष सत्र में कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने उद्यानिकी फसलों के प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, विपणन तथा निर्यात-आयात के अवसरों पर गहन चर्चा की। डॉ. सिंह ने कहा कि राजस्थान में उद्यानिकी फसलों की संभावनाएं बहुत व्यापक हैं और यदि किसानों को वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण और विपणन की जानकारी दी जाए, तो वे अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी अपनी पहचान बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि टमाटर से सॉस, आम से पल्प, फूलगोभी से पैकेज्ड मिक्स सब्जियां जैसी प्रक्रिया से तैयार उत्पाद अधिक मूल्य पर बिकते हैं और किसानों की आमदनी को स्थायित्व मिलता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि केवल उत्पादन ही नहीं, बल्कि प्रसंस्करण, पैकेजिंग, और गुणवत्ता नियंत्रण जैसे विषयों की जानकारी भी अत्यंत आवश्यक है। इससे किसानों को बाजार में मौसमी उतार-चढ़ाव से बचाव मिलता है और वे अधिक प्रतिस्पर्धी बनते हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने फलों और सब्जियों के निर्यात-आयात की संभावनाओं और चुनौतियों पर भी रोशनी डाली। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उत्पादन, कोल्ड स्टोरेज की सुविधा और प्रोसेसिंग यूनिट्स की स्थापना को अत्यंत आवश्यक बताया। इस संवाद से सैकड़ों विद्यार्थियों ने लाभ उठाया और उद्यानिकी क्षेत्र में नए आयामों को समझने का अवसर प्राप्त किया। कुलपति ने विद्यार्थियों को नवाचार और उद्यमिता की ओर प्रेरित करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी ही भविष्य की कुंजी है।

## राजस्थान में बाल विवाह उन्मूलन को लेकर राज्य स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न, जनभागीदारी पर दिया गया जोर



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग और बाल अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान में 'बाल अधिकार एवं संरक्षण' विषय पर राज्य स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुई। आयोग अध्यक्ष कुलदीप रांका ने कहा कि बाल विवाह सिर्फ सामाजिक बुराई नहीं, बल्कि मानवता के खिलाफ अपराध है। उन्होंने जनसमुदाय की सक्रिय भागीदारी को इस कुरीति की कड़ी तोड़ने का सबसे प्रभावी माध्यम बताया। रांका ने बताया कि विश्व के 45% बाल विवाह दक्षिण एशिया में होते हैं और संयुक्त राष्ट्र ने 2030 तक इसे समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने प्रदेश में बाल विवाह में आई गिरावट को सकारात्मक कदम बताया, लेकिन इसे पर्याप्त नहीं माना। उन्होंने आगामी अक्षय तृतीया और पीपल पूर्णिमा पर विशेष सतर्कता बरतने और जनजागरूकता फैलाने की अपील की। बाल अधिकारिता विभाग के आयुक्त बचनेश अग्रवाल ने कहा कि बच्चों की उम्र सपनों को संवारने की होती है, बाल विवाह उन्हें बेरंग कर देता है। सदस्य सचिव अविचल चतुर्वेदी ने लड़के-लड़कियों में समानता और शिक्षा पर बल दिया। इस दौरान यूनिसेफ और यूएनएफपीए के प्रतिनिधियों ने राज्य में चल रहे अभियानों की जानकारी दी। कार्यशाला के अंतिम सत्र में आयोग सदस्यों, शासन सचिव और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बाल विवाह रोकथाम की व्यवहारिक चुनौतियों और भविष्य की कार्ययोजना पर गहन संवाद हुआ। कार्यक्रम में पुलिस, ज़िला प्रशासन, बाल कल्याण समितियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## ट्यूबवेल पर खेती कर पढ़ाया, अब किसान का बेटा बना आईएएस

### रेत के धोरों से निकला धुरंधर, पिता का सपना किया पूरा



जयपुर टाइम्स

**रावतसर(निसं.)** यूपीएससी के परिणाम में बाड़मेर के युवाओं ने भी अपनी सफलता का परचम फहराया,इसी के अंतर्गत निकटवर्ती ग्राम पंचायत भुरटिया निवासी एवं हाल भीयाड के सुखराम भूकर पुत्र उगराराम भूकर ने 448वी रैंक के साथ आईएएस बन गए और अपने पिताजी का सपना पूरा किया। अब घर पर खुशी का माहौल है और बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। सुखराम की बारहवीं तक की पढ़ाई गांव में हुई। सैकंडरी परीक्षा में उन्होंने जिला स्तरीय मेरिट में स्थान हासिल किया। उच्च शिक्षा के साथ जयपुर गये जहां ग्रेजुएशन के साथ साथ सिविल सेवा की तैयारी जारी रखी। और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखी इसी का परिणाम है कि आज आईएएस बन गए।

### पिता ने ट्यूबवेल पर खेती कर पढ़ाया

सुखराम के पिताजी उगराराम किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं और खुद किसान है। उनके परिवार में तीन बेटे ओमप्रकाश, बजरंग और सुखराम और एक बेटी मुनी है। ओमप्रकाश के दूध डेयरी का काम है वहीं बजरंग अफ्रीका में प्राइवेट नौकरी करता है। और सुखराम आज आईएएस बन गया। सुखराम के पिताजी उगराराम ने विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए ट्यूबवेल पर खेती कर अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की कोशिश की। सर्दी और गर्मी के मौसम में दिन रात मेहनत कर अपने बेटे को अच्छी शिक्षा दी जिसका परिणाम आज सबके सामने है।

### बधाईयां का तांता

सुखराम के आईएएस बनने की जानकारी मिलते ही पूरा परिवार खुशी से झूम उठा। और परिजन, गांव अपने बेटे पर गर्व महसूस कर रहे हैं। हर कोई बधाई दे रहा है।

## राज्य सरकार किसानों और व्यापारियों को भण्डारण सुविधा उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध- मदनलाल तेली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कांस.)।** राजस्थान सरकार प्रदेश के किसानों और व्यापारियों को खाद्यान्न, दलहन और तिलहन के भण्डारण के लिए समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है। वर्तमान में राजस्थान राज्य भण्डार व्यवस्था निगम के पास विभिन्न जिलों में स्थित 97 भण्डारगृहों में कुल 16.53 लाख मैट्रिक टन की भण्डारण क्षमता उपलब्ध है। निगम के संयुक्त निदेशक मदनलाल तेली ने जानकारी दी कि किसान एवं व्यापारी स्थानीय भण्डारगृह प्रशासन से संपर्क कर इन सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा भण्डारण क्षमता की अधिकतम उपयोगिता सुनिश्चित करने तथा वित्तीय स्थिति सुदृढ़ करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन एक्ट-1962 के तहत निगम के भण्डारगृहों को व्यापारिक इकाई के रूप में उपयोग में लिया जा रहा है। तेली ने बताया कि फरवरी 2023 में निगम के 16 भण्डारगृहों की आंशिक क्षमता को राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड ( RSBCL) और राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स को 10 वर्षों के लिए किराए पर देने हेतु एमओयू किया गया था। उन्होंने बताया कि निगम की कुल भण्डारण क्षमता 17.20 लाख मैट्रिक टन है, जिसमें से 96.10 प्रतिशत खाद्यान्न भण्डारण हेतु उपलब्ध है। एमओयू के तहत RSBCL को 44,747 मैट्रिक टन (2.60%) और ₹स्त्रस्रू को 21,753 मैट्रिक टन (1.26%) क्षमता दी गई, जो कुल का 3.86 प्रतिशत है। तेली ने स्पष्ट किया कि एमओयू के तहत आवंटित 14 भण्डारगृहों की 70 प्रतिशत भण्डारण क्षमता अब भी किसानों और व्यापारियों के लिए खुली है। बालोतरा भण्डारगृह में एमओयू के बावजूद एजेंसियों को अभी तक आवंटन नहीं हुआ है। वहां की 3,600 मैट्रिक टन क्षमता में से 2,400 टन में किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदा गया तिलहन एवं मूंगफली संग्रहित है, जबकि शेष 1,200 टन अन्य किसानों व व्यापारियों को उपलब्ध है। ब्यावर भण्डारगृह में 1,800 टन क्षमता में नैफेड द्वारा खरीदा गया माल संग्रहित है, वहीं सवाई माधोपुर भण्डारगृह में 14,590 टन क्षमता में से 11,420 टन अभी भी किसानों के लिए उपलब्ध है। शेष का आंशिक भाग RSBCL और ₹स्त्रस्रूको आरक्षित किया गया है।

## वक्फ संशोधन बिल धार्मिक हस्तक्षेप नहीं बल्कि एक सामाजिक सुधार का प्रयास है: सुमेधानंद सरस्वती




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के आवास पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा व महिला मोर्चा की ओर से अल्पसंख्यक समाज के कल्याण के लिए लाए गए वक्फ संशोधन बिल को लेकर गुरूवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती थे। इस अवसर पर सुमेधानंद ने कहा कि वक्फ बिल समाज के उस अंतिम मुस्लिम समाज के व्यक्ति के लाभ के लिए लाया गया है जो व्यक्ति 70 साल से उपेक्षित था। इस बिल का उद्देश्य किसी धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप करना नहीं, बल्कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक आम मुस्लिम समुदाय को बहकाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सीएए के बारे में भी भ्रांतियां फैलाई कि इस कानून के लागू होने से लोगों की नागरिकता चली जाएगी, लेकिन 4 वर्ष बाद भी इस कानून के लागू होने पर किसी भी व्यक्ति की नागरिकता नहीं गई है। उन्होंने कहा कि इस कानून की ओर से गरीब मुसलमान को देश के विकास में भागीदार बनाना चाहते हैं। जिसे 70 वर्षों तक कांग्रेस ने ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की मुद्रा योजना में 36 प्रतिशत मुस्लिम युवाओं को लाभ मिला है, वहीं उज्ज्वला योजना से 37 प्रतिशत मुस्लिम माता-बहनों को गैस सिलेंडर मिला है। जन धन खाते में 42 प्रतिशत मुस्लिमों को लाभ मिला है। वहीं स्किल डेवलपमेंट में 22 प्रतिशत व किसान सम्मान निधि योजना में 33 प्रतिशत तथा अन्न धन योजना में 32 प्रतिशत मुस्लिम भाई बहनों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम सारस्वत ने कहा कि मुस्लिम परिवारों में इस प्रकार की कार्यशालाओं से एक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से लागू किए गए वक्फ सुधार कानून के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस कानून के लागू होने से गरीब मुस्लिम महिलाओं को उनका अधिकार प्राप्त होगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में वक्फ सुधार कार्यशाला के जिला संयोजक भास्कर शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से उन सभी अल्पसंख्यक लोगों के बीच में पार्टी के कार्यकर्ता लगातार जाकर वक्फ सुधार बिल के बारे में जानकारी देंगे, जिससे अल्पसंख्यक समाज में इस बिल के बारे में जागरूकता फैलेगी। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अख्तर खान ने सभी अल्पसंख्यक लोगों से अपील की कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सत्तार खान ने कहा कि कांग्रेस के 70 साल के शासन में भी जब मुसलमान पिछड़ा हुआ रहा तो उसे सच्चर कमेटी बनानी पड़ी और सच्चर कमेटी ने कहा कि देश का मुसलमान पिछड़ा है, इसका मतलब कांग्रेस ने 70 वर्षों तक देश के मुस्लमान को विकास से महरूम रखा। कार्यक्रम के प्रारंभ में पहलगांव में आतकवादियों की ओर से मारे गए मृतकों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। जिला मंत्री नरेश सहारण ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया संयोजक रवि दाधीच ने किया। इस अवसर पर पूर्व उप सभापति अनवर थीम, बाबू टेलर, इरशाद भाटी, सलीम खान, रमजान खान, सरपंच जाहीद कुरैशी, आमीन खान, आमीन खोखर, दाउद थीम, हबीब लीलगर, हारून गुर्जर, समीर एडवोकेट, दिलीप खान, कपिल रक्षक, जयपाल सिंह टकणेत, हनीफ खत्री, अकीब गोरी, हसन भाटी, हाजी नसीम, रमजान जोईया, शमीम पठान, शोभा चौधरी, महमूदा बानो, मंजू बानो, मोनिका शर्मा, गायत्री गोरसिया, सुप्यार चारण, कविता शर्मा, गोपी शर्मा, श्री राम पीपलवा, श्रीराम सैनी, हनुमान मटोलिया, राजीव शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# असहमति और संवाद

*जिस समय ठाकुर गांधी पर यह भरोसा कर रहे थे ठीक उसी समय उनके मन में कुछ आशंकाएं भी थीं, जिन्हें उन्होंने छिपाया नहीं। वे लिखते हैं- 'इसी कारण मैं अत्यंत हार्दिक रूप से प्रार्थना करता हूं कि आपके मार्ग में कोई रोड़ा न अटके, जिससे हमारी आध्यात्मिक स्वाधीनता कमजोर पड़ जाए, ताकि (जिससे) सत्य के लिए की गई शहादत कभी मात्र शाब्दिक आग्रह का रूप लेकर पथ भ्रष्ट न हो जाय और पवित्र नामों की आड़ में धीरे-धीरे आत्म प्रवंचना में परिवर्तित न हो जाय।' ठाकुर और गांधी के आपसी संबंध का इतिहास हमें बहुत कुछ सिखाता है। इन दोनों का संबंध हमें अंधश्रद्धा और अंध विरोध के दो ध्रुवांतों पर बने रहने की सरल (मूर्ख)ता से बचाता है। इस इतिहास से हम न केवल असहमति का सम्मान करना सीखते हैं, बल्कि असहमति से संवाद की तमीज भी सीखते हैं। असहमति से संवाद की तमीज का अर्थ है लोकतंत्र की बुनियादी प्रकृति को जानना और उसे बरतना। ठाकुर और गांधी के बीच समानताएं कम,*

लोकतंत्र असहमति के बीच संवाद ही नहीं, परस्पर सम्मान की व्यवस्था भी है। पर संवाद विमुखता के आलम में सम्मान की कौन कहे, संवाद की भी गुंजाइश नहीं रह जाती। राष्ट्रीय जीवन और लोकतंत्र के भविष्य के लिए बेहद जरूरी है कि हम असहमति से संवाद करना सीखें और उसका सम्मान करें। यह तो सब जानते हैं कि रवींद्रनाथ ठाकुर और गांधी के बीच बहुत घनिष्ठ संबंध थे, लेकिन बहुतों को इस बात का इल्म नहीं कि दोनों के बीच गंभीर असहमतियां भी थीं। रवींद्रनाथ ठाकुर और गांधी के बीच हुए पत्राचार इसका पता देते हैं। रवींद्रनाथ ठाकुर कवि थे और गांधी राजनीतिक व्यक्ति। दोनों की अंतरराष्ट्रीय पहचान थी। ठाकुर अपनी कविता में आत्मा की मुक्ति का गान गा रहे थे तो गांधी दक्षिण अफ्रीका में स्वाधीनता का अनोखा संघर्ष चला चुके थे। गांधी जब भारत की राष्ट्रीय राजनीति में आए, उस समय तक ठाकुर को नोबेल पुरस्कार मिल चुका था। इन दोनों को ही एक-दूसरे के महत्त्व का बोध था और उनके लिए पर्याप्त सम्मान भी। गांधी इसे अच्छी तरह महसूस कर रहे थे कि विश्व मानवता को भारत का जो संदेश है, ठाकुर अपनी कविता में उसका गान कर रहे हैं। इसी तरह ठाकुर गांधी को देश की नैतिक शक्ति के रूप में देखते और स्वीकार करते थे। ठाकुर और गांधी के बीच हुए पत्राचार दोनों की आपसदारी पर पर्याप्त प्रकाश डालते है। रवींद्रनाथ ठाकुर मानते थे कि स्वाधीनता की महान भेंट जनता को दान में कभी नहीं मिल सकती। वे कहते हैं कि 'हमको इसे उपलब्ध करने के लिए जीतना होगा और भारत को इसे जीतने का अवसर तब आएगा जब यह सिद्ध कर देगा कि चारित्रिक रूप से यह उन लोगों से श्रेष्ठतर है, जो विजेता होने के अधिकार से उस पर शासन करते हैं।' ठाकुर राष्ट्रीय राजनीति में गांधी के आगमन का इसीलिए खुले मन से स्वागत करते हैं कि उन्हें इस बात पर पूरा भरोसा था कि उधार की कूटनीतिक बेईमानी में डूबी भारतीय राजनीति की कमजोरी को दूर करने में गांधी सक्षम सिद्ध होंगे। जिस समय ठाकुर गांधी पर यह भरोसा कर रहे थे ठीक उसी समय उनके मन में कुछ आशंकाएं भी थीं, जिन्हें उन्होंने छिपाया नहीं। वे लिखते हैं- 'इसी कारण मैं अत्यंत हार्दिक रूप से प्रार्थना करता हूं कि आपके मार्ग में कोई रोड़ा न अटके, जिससे हमारी आध्यात्मिक स्वाधीनता कमजोर पड़ जाए, ताकि (जिससे) सत्य के लिए की गई शहादत कभी मात्र शाब्दिक आग्रह का रूप लेकर पथ भ्रष्ट न हो जाय और पवित्र नामों की आड़ में धीरे-धीरे आत्म प्रवंचना में परिवर्तित न हो जाय।' ठाकुर और गांधी के आपसी संबंध का इतिहास हमें बहुत कुछ सिखाता है। इन दोनों का संबंध हमें अंधश्रद्धा और अंध विरोध के दो ध्रुवांतों पर बने रहने की सरल (मूर्ख)ता से बचाता है। इस



इतिहास से हम न केवल असहमति का सम्मान करना सीखते हैं, बल्कि असहमति से संवाद की तमीज भी सीखते हैं। असहमति से संवाद की तमीज का अर्थ है लोकतंत्र की बुनियादी प्रकृति को जानना और उसे बरतना।

ठाकुर और गांधी के बीच समानताएं कम, असमानताएं ज्यादा हैं। इसका मूल कारण एक का कवि और दूसरे का राजनीतिक होना भी है। सबसे दिलचस्प बात है कि दोनों की पारस्परिकता में हमें परस्पर पूरकता के भी दर्शन होते हैं। इस तथ्य को गांधी ने अपने एक पत्र में स्वीकार किया है- 'मैं संपूर्ण नम्रता के साथ इतना कह दूं कि हमारे कार्य और व्यापार एक-दूसरे के पूरक हैं।' यह बात गांधी ने तब कही जब दोनों मनीषियों में स्वराज्य, असहयोग और चरखा जैसे मुद्दों पर बहस चल रही थी। ठाकुर चरखा को बाह्य उपादान मानते थे और उन्हें लगता था कि इससे आत्मिक स्वतंत्रता हासिल करने में बाधा आएगी। ठाकुर यहां तक कह देते हैं कि 'चरखा घुमाने से मनुष्य चरखे का ही अंग बन जाता है, यानी वही करता है, जो मशीन से भी किया जा सकता है। वह अपनी जीवंत ऊर्जा को पहिया घुमाने में निर्जीव कर देता है।ज वह मशीन बन जाता है- एकाकी और संगी-साथी विहीन।' ठाकुर का तर्क है कि 'कोई भी बाहरी अनुष्ठान चित्त की दीनता से ऊपर उठ कर स्वराज्य की स्थापना नहीं कर सकता।' जबकि गांधी के लिए चरखा भारत के मन को बदलने का साधन था। वे चरखा के माध्यम से मैनचेस्टर को चुनौती दे रहे थे। तभी तो उन्होंने कवि को भी रोज आधे घंटे चरखा चलाने का सुझाव दिया- 'यदि कवि भी इस प्रकार रोजाना आधा घंटा कातें तो उनकी कविता और निखरेगी। कारण, तब उनकी कविता में गरीबों के दुख-दर्दों का आज की अपेक्षा कहीं अधिक सशक्त चित्रण होगा।'

ठाकुर और गांधी के बीच यह बहस कवि और राजनीतिक के विश्वविदृष्टियों के बीच की बहस है। ठाकुर समग्र स्वराज्य की बात करते हैं और गांधी का जोर स्वराज्य के व्यावहारिक रूप पर ज्यादा है। इस संवाद क्रम में ठाकुर कहते हैं कि 'महात्मा के महान नैतिक व्यक्तित्व से अधिक चमत्कारपूर्ण मेरे लिए अन्य कुछ नहीं है। उनके रूप में विधाता ने हमें शक्ति की विद्युत ज्वाला दी है। मेरी प्रार्थना है कि ईश्वर इस शक्ति से भारत को सामर्थ्य दे, न कि इसे अभिभूत करें।' जबकि गांधी 'कवि को एक प्रहरी के रूप में मानते हैं, जो धर्मांधता, अकर्मण्यता, असहिष्णुता नामक आने वाले शत्रुओं के विरुद्ध हमें सचेत कर रहे हैं।' तीखी असहमतियों के बीच परस्पर विश्वास और समझदारी का यह अनूठा रिश्ता विरोध के साथ संवाद के लिए काफी कुछ सिखाता है।

कवि और महात्मा भारत की परंपरा में गहरे धंसे हुए हैं। संवाद और बहस, तर्कशीलता और तथ्यपरकता भारतीय परंपरा का अनिवार्य अंग हैं। मजे की बात यह है कि दोनों शख्शियतें न केवल आपस में, बल्कि विश्व मानवता से संवाद करते हुए परंपरा की ठोस जमीन पर खड़ी करती हैं।

दोनों ऋषियों की वाणी और कर्म में मध्यकाल के संत कवियों के बताए आदर्श गूंज रहे हैं। दोनों के सत्य अर्जित सत्य हैं। इसीलिए दोनों अपनी-अपनी जगह दृढ़ता से खड़े हैं। गांधी कहते हैं कि 'जब युद्ध चल रहा हो तो कवि अपनी वीणा उठा कर रख देता है- युद्ध कि समाप्ति पर ही कवि की वीणा से सच्चे स्वर निकलेंगे।' लेकिन ठाकुर बिल्कुल दूसरे ध्रुव पर खड़े होकर कहते हैं- 'कवि को अपनी वीणा किसी भी समय उठा कर नहीं रखनी चाहिए।'

## सम्पादकीय

## संतुलन साधने भारत आए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस



अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब पारस्परिक शुल्क को लेकर दुनिया भर में अमेरिका के खिलाफ आवाजें उठ रही हैं। चीन के साथ अमेरिका की तनातनी दिनोंदिन तल्ख होती गई है। भारत में भी अमेरिका के साथ बिगड़ते संबंधों के कयास लगाए जाने लगे थे। मगर जेडी वेंस के साथ बातचीत से द्विपक्षीय व्यापार, शुल्क, क्षेत्रीय सुरक्षा, रणनीतिक और प्रतिरक्षा सहयोग पर कई तरह की आशंकाएं दूर होने की उम्मीद जगी है। इससे यह भी भरोसा बढ़ा है कि आने वाले समय में अमेरिका के साथ भारत के संबंध प्रगाढ़ रहने वाले हैं। हालांकि अमेरिकी प्रशासन के पारस्परिक शुल्क लगाने के फैसले पर भारत ने कभी कोई तीखी टिप्पणी नहीं की। उसने अमेरिकी मंशा के अनुरूप कई चीजों पर शुल्क घटा भी दिए थे। फरवरी में प्रधानमंत्री, ट्रंप से मुलाकात के लिए अमेरिका गए थे, तभी उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पेशकश की थी, जिसे अमेरिका ने सहर्ष स्वीकार कर लिया था। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को पांच सौ अरब डालर तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। फिलहाल दोनों के बीच व्यापार एक सौ नब्बे अरब डालर है। गौरतलब है कि भारत और अमेरिका अब द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने के लिए बातचीत कर रहे हैं, जिसमें शुल्क और बाजार पहुंच सहित कई मुद्दों के हल की उम्मीद है। हालांकि अभी अमेरिकी प्रशासन ने अपनी शुल्क दरों को लागू करने की तिथि नब्बे दिनों के लिए टाल दी है, पर इससे दुनिया की चिंताएं दूर नहीं हुई हैं। इसके बरक्स चीन ने अपने नए व्यापारिक साझीदार तलाशने शुरू कर दिए हैं। उसने एशिया प्रशांत क्षेत्र में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। ऐसे में न केवल उन देशों के सामने शुल्क दरें बढ़ने से व्यापारिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की चिंता बढ़ गई है, बल्कि चीन के बदलते पैंतरे से अमेरिका के माथे पर भी बल पड़ने शुरू हो गए हैं। भारत के साथ रिश्ते खराब होने से उसे भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता था। मगर भारत ने शुरू से अमेरिका के साथ अपने संबंधों में किसी तरह की ठंडक नहीं आने दी है। वेंस की भारत यात्रा से दो दिन पहले ही प्रधानमंत्री ने डोनाल्ड ट्रंप के विशेषाधिकार प्राप्त सहयोगी एलन मस्क से फोन पर बातचीत की थी, जिसमें तकनीकी सहयोग और व्यापारिक संबंधों में मजबूती लाने के संकल्प दोहराए गए थे। इस तरह वेंस की भारत यात्रा का आधार पहले से तैयार था और उसी के अनुरूप उन्होंने बातचीत को आगे बढ़ाया है। भारत न केवल अमेरिका के लिए बड़ा बाजार, बल्कि बड़ा व्यापारिक साझीदार भी है। अमेरिका के पारस्परिक शुल्क थोपने से भारत के कृषि, प्रसंस्कृत खाद्य, वाहनों के पुर्जे, उच्च-स्तरीय मशीनरी, चिकित्सा उपकरण और आभूषण के क्षेत्र में बड़ा झटका लगने की आशंका बढ़ गई थी, तो अमेरिका के लिए दवा, आभूषण आदि क्षेत्रों में बड़े नुकसान का कयास है। एलन मस्क ने खुद भारत में अपनी व्यापारिक गतिविधियां बढ़ाने पर जोर दिया है।इसलिए वेंस की यात्रा दोनों देशों की जरूरतों के मद्देनजर हुई है। अब यह अमेरिका पर है कि वह किस तरह भारत सहित दूसरे देशों के साथ अपनी शुल्क नीति में संतुलन साधने का प्रयास करता है। भारत की चिंताएं व्यापार के अलावा दूसरी भी हैं, जिनमें वहां रह रहे भारतीय मूल के लोगों की सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार वीजा में सहूलियतें बढ़ना भी शामिल है। वेंस की यात्रा से संबंधों में संतुलन बनना शुरू हो गया है।

# प्रेम की धारा



एक-दूसरे को नीचा दिखाने से एक-दूसरे को सहयोग और सत्कार्य में साथ देने की ओर होना चाहिए। लेकिन अफसोस कि वास्तव में ऐसा होता नहीं है। गलाकाट प्रतियोगिता की इस दौड़ में हम सभी एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी होते जा रहे हैं। हम सभी एक-दूसरे के विरोधी हैं। एक व्यक्ति के स्तर पर, एक समुदाय के स्तर पर या फिर एक राष्ट्र के स्तर पर पूरी दुनिया में यही हो रहा है। खुद को श्रेष्ठ और सामने वाले को निकृष्ट दिखाने की होड़ में अहिंसा और प्रेम की बातें कहीं पीछे छूट गई हैं। जरूरत इस बात की है कि प्रेम की धारा चाहे जहां से भी फूटे, हम उसका स्वागत करें। नफरत और हिंसा से अपना दामन बचा कर प्रेम और अहिंसा का दामन थाम लेना ही आज सबसे बड़ा परोपकार है। सन 1991 तक रूस और यूक्रेन के लोगों की नागरिकता एक ही देश की थी, लेकिन आज दोनों एक-दूसरे को नेस्तनाबूद कर देने पर उतारू हैं। यही स्थिति भारत और पाकिस्तान की भी कई बार बन चुकी है। इन अराजक स्थितियों से पार पाने का रास्ता गांधीजी के विचारों में खोजा जा सकता है। गांधीजी जिस सत्य और अहिंसा को अपना सबसे बड़ा हथियार मानते थे, वे कभी अप्रासंगिक नहीं हो सकते हैं, बल्कि उनकी प्रासंगिकता आज के वैश्विक परिदृश्य में और भी अधिक बढ़ जाती है। देश के भीतर की स्थिति हो या बाहर की, इन्हीं सत्य और अहिंसा जैसे हथियारों की आवश्यकता है। जिस दिन पूरे विश्व से और हमारी मानसिकता से भी दूसरे को नष्ट कर देने की भावना खत्म हो जाएगी और केवल सच्चे प्रेम की ही भाषा होगी, सही मायने में उसी दिन समझा जाएगा कि यह मानव सभ्यता का उत्कर्ष है। आज पूरी दुनिया दिन दोगुनी और रात चौगुनी उन्नति कर रही है। विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में नई-नई चीजें ईजाद की जा रही हैं। आविष्कार आवश्यकता की जननी है तो दूसरी तरफ आविष्कार का दुरुपयोग भी है। हाल ही में एक ऐसी ही घटना सामने उभर कर आई है। चीन का साइबर स्पेस प्रशासन, देश का साइबर स्पेस चौकसी या निगरानी या डीप सिंथेसिस तकनीक के उपयोग को प्रतिबंधित करने और गलत सूचना पर अंकुश लगाने के लिए नए नियम बना रही है। बता दें कि यह 'डीप फेक' तकनीक शक्तिशाली कंप्यूटर और गहन शिक्षा का उपयोग करके वीडियो, छवियों और आवाज में हेरफेर करने की एक विधि है। इसका उपयोग फर्जी खबरें उत्पन्न करने और अन्य गलत कामों के बीच वित्तीय धोखाधड़ी करने के लिए किया जाता है। इस समस्या से निपटने का सबसे अच्छा तरीका कृत्रिम बुद्धिमता द्वारा समर्थित तकनीकी समाधान है जो गहरे नकली को पहचान कर उसे ब्लाक कर सके। यही नहीं, बल्कि डीप फेक से जुड़े मुद्दों को हल करने से पहले मीडिया साक्षरता में सुधार करना होगा। डीप फेक का पता लगाने, मीडिया को प्रमाणित करने और आधिकारिक स्रोतों को बढ़ाने के लिए उपयोग में आसान और सुलभ प्रौद्योगकी समाधानों की भी हमें आवश्यकता है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि तकनीक जितना लाभकारी है, गलत हाथों में पड़ जाए तो यह उतना ही विनाशक भी है।

# पोंआर पर तितली

अलग-अलग तरह की खूबसूरती लिए हुए। लेकिन पोंआर के पीले फूलों पर तो पीली तितली ही मिलती-जुलती लगती है। कभी-कभी हरे रंग की भी नजर आती है। बगीचों में तो जैसे इसके भिन्न प्रकार दिख जाते हैं। इस वर्ष थोड़ी मात्रा में सही, लहराती पोंआर को शहर में देख मैं खुश तो हुआ था, लेकिन पीली तितलियों की अनुपस्थिति खल गई। सूखे शंट पोंआर के पौधा पर पीले फूल तो थे। आज की दौड़ती-भागती दुनिया में जहां लोगों को मोबाइल, ट्विटर, इंस्टाग्राम और सोशल मीडिया में बने रहने के कारण फुर्सत नहीं है।

पोंआर को एक अनुपयोगी पौधा भी कह सकते हैं। पता नहीं कब उसमें आई फलियां सूख कर झड़ती हैं और उनके बीज बिखर जाते हैं। बारिश आते ही गांव में यह पौधा चारों तरफ लहराने लगता था। पीले-पीले फूल होते हैं उसके और एक खास तरह की गंध आती है। उस वक्त पीले-पीले फूलों पर न जाने कहां से छोटे आकार की पीली तितलियां मंडराने लगती थीं। यहां से वहां तक एक फसल-सी खड़ी दिखती थी। 'न काहू से दोस्ती और न काहू से बैर' वाली उक्ति चरित्रार्थ करता था वह पौधा। उसे कोई जानवर भी नहीं खाता था। सरसों की तरह पीले-पीले फूलों वाला वह पौधा यहां से वहां तक नजर आने लगता था। एक खास गंध होने के बावजूद न तो उसमें गुलाब-सी आकर्षक महक होती है और न कांटे। पिछले कुछ सालों से कहीं दिखाई नहीं पड़ी, जबकि एक समय गांव में चारों तरफ उसका साम्राज्य हुआ करता था और पीली तितलियों को पकड़ने बच्चों का झुंड यहां से वहां तक उनके बीच मटरगश्ती करता नजर आता था। इस बार बारिश की अवधि कुछ ज्यादा ही लंबी हो गई थी। कई राज्यों में यह बाढ़ के प्रकोप का कारण रही। कभी मेरे शहर में पोंआर की उपस्थिति नगण्य थी। पर इस वर्ष कहीं-कहीं फसल जैसी दिखाई पड़ी, लेकिन वे पीली तितलियां कहीं नजर नहीं आईं, जिन्हें पोंआर के पीले फूल आकर्षित करते हैं। वरना बारिश के दिनों दीगर रंग की तितलियां भी दिखती थीं। अलग-अलग तरह की खूबसूरती लिए हुए। लेकिन पोंआर के पीले फूलों पर तो पीली तितली ही मिलती-जुलती लगती है। कभी-कभी हरे रंग की भी नजर आती है। बगीचों में तो जैसे इसके भिन्न प्रकार दिख जाते हैं। इस वर्ष थोड़ी मात्रा में सही, लहराती पोंआर को शहर में देख मैं खुश तो हुआ था, लेकिन पीली तितलियों की अनुपस्थिति खल गई। सूखे शंट पोंआर के पौधा पर पीले फूल तो थे। आज की दौड़ती-भागती दुनिया में जहां लोगों को मोबाइल, ट्विटर, इंस्टाग्राम और सोशल मीडिया में बने



रहने के कारण फुर्सत नहीं है। मोबाइल के होते बेटा अपने पिता को नजदीक से नहीं जान पा रहा और पत्नी पति को। तो फिर किसी का ध्यान क्यों इन बेकार की बातों पर जाए? पर विषय गंभीर है। इस तरह तितलियों का ओझल हो जाना किसी बड़े संकट की चेतावनी जरूर है। अब ये छोटे-छोटे कीट-पतंगे कहीं नजर नहीं आते, वरना फूलों पर भ्रमण करने वाली तितली घर और बाहर की शोभा बढ़ा दिया करती थी। शहर के पार्कों में गुड़हल की एक कलम के लिए मैं भटकता रहा। कुछ विशेष था गुड़हल का वह फूल। वैसे तो गुड़हल की कई किस्में होती हैं, पर सफेद लाल रंग के गुड़हल के फूल ने मुझे आकर्षित किया था। पता चला कि हाईब्रिड प्रजाति का होता है। सरकारी और निजी नर्सरी के चक्कर काटे, पर कहीं नहीं दिखा। उसे खोजते समय बागों में तितली की अनुपस्थिति खल गई। खासतौर से उस एकरंगी तितली की, वरना बारिश का मौसम उनका ही होता है। अंडे से लार्वा, लार्वा से प्यूपा और प्यूपा से तितली। कई बार दिखे हैं पत्तों के नीचे की तरफ चिपके लार्वा सफेद-सफेद खोल में। यह कुदरत का अनोखा करिश्मा है, जिसे समझना बहुत मुश्किल है। किस प्रकार खोल के अंदर बंद इल्ली तितली का रूप धारण करती है। और पता ही नहीं चलता कि कब नन्ही-सी तितली खोल तोड़ कर बाहर निकल जाती है। उसकी बदलती अवस्थाएं आचर्श्य चकित कर देती हैं। बारिश इन सब जीवों के लिए प्रकृति का वरदान होती है। तरह-तरह के कीट-पतंगे देखने को मिलते हैं और वे पतंगे भी, जिनका जीवनकाल मात्र कुछ पलों का होता है। रोशनी के आसपास मंडराते हैं। अचानक बारिश में बहुसंख्य दिखते हैं। रात के समय स्ट्रीट लाइट के आसपास मंडराते नजर आते हैं और अगले दिन सड़कों पर बिखर जाते हैं, फूलों की पंखुड़ियों की तरह। कहीं उनके पंख पड़े होते हैं तो कहीं बाकी शरीर! कभी-कभी पंखों वाले चींटे भी दिखते हैं। समझ नहीं आता। शायद हमारी बुद्धि से परे है कि ये छोटे-छोटे जीव अल्पकाल के लिए क्यों पैदा होते हैं! इनके पैदा होने का क्या प्रयोजन है? शायद एक चक्र है जो हमारे पर्यावरण के लिए कहीं जरूरी भी है। हमें तो इनका अल्पकाल के लिए पैदा होना निरर्थक जान पड़ता है। इसी संबंध में एक शोधपत्र में कहा गया था कि मधुमक्खियों की प्रजातियां समाप्त हो गईं तो यह मानव का आखिरी दिन होगा।



# उज्ज्वल निकम की बायोपिक से आमिर खान ने पीछे खींचे हाथ

बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि, हाल ही में अभिनेता अपने फिल्मी करियर को लेकर सुर्खियों में हैं। इससे पहले खबर आई थी कि अभिनेता उज्ज्वल निकम की बायोपिक में काम कर सकते हैं। हालांकि, ताजा रिपोर्ट्स से पता चला है कि अभिनेता शायद इस फिल्म का हिस्सा नहीं होंगे।

## फिल्म से आमिर की छुट्टी

अभिनेता ने कथित तौर पर शेड्यूल टकराव के कारण महीनों तक बातचीत करने के बाद प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। हालांकि, यह प्रोजेक्ट अभी भी जारी है। फिल्मफेयर ने एक सूत्र के हवाले से बताया, आमिर उज्ज्वल निकम की बायोपिक में उनका किरदार निभाने के लिए विचार कर रहे थे, लेकिन लंबे समय तक चर्चा और इंतजार के बाद उन्होंने निर्माता दिनेश विजन को मना कर दिया। ऐसा नहीं है कि आमिर को यह प्रोजेक्ट या आइडिया पसंद नहीं आया।

## क्यों फिल्म नहीं करेंगे आमिर

रिपोर्ट में आगे दावा किया गया कि बात यह थी कि इस तरह के मूल्यवान और गंभीर काम के लिए समय निकाला जा सके। आमिर और उनके परिवार के पास इस प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए जरूरी समय नहीं था। मैडॉक फिल्म्स इस प्रोजेक्ट का निर्माण कर रहा है। अब प्रोडक्शन हाउस ने नए प्रमुख अभिनेता की तलाश शुरू कर दी है।

## कौन हैं उज्ज्वल निकम

रिपोर्ट्स के अनुसार, आमिर खान को 2023 में एक प्रोजेक्ट के लिए संपर्क किया गया था, जहां वह उज्ज्वल निकम से प्रेरित एक हाई-प्रोफाइल वकील की भूमिका निभाने वाले थे। बता दें कि उज्ज्वल निकम एक हाई-प्रोफाइल वकील रहे हैं और उन्होंने कुछ ऐतिहासिक मामलों पर काम किया है, जिनमें गुलशन कुमार हत्या मामला और 1993 बॉम्बे ब्लास्ट मामला शामिल हैं।



# सलमान खान को इस सलाह ने बदल दी जैस्मिन भसीन की जिंदगी



रियलटी शो बिग बॉस से मशहूर होने वाली टीवी अभिनेत्री जैस्मिन भसीन इस शो को अपने करियर के लिए एक अहम पड़ाव मानती हैं। इसी शो में जैस्मिन को उनका प्यार मिला था, जब अली गोनी ने उनके लिए अपने प्यार का सार्वजनिक इजहार किया था। अब अभिनेत्री ने इस शो के दौरान मिली एक ऐसी सलाह का जिक्र किया, जिसने उनकी जिंदगी पर गहरा प्रभाव डाला। ये सलाह उन्हें किसी और ने नहीं बल्कि शो के होस्ट और बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने दी थी।

## सलमान की सलाह ने डाला जीवन पर गहरा प्रभाव

बॉलीवुड बबल के साथ बातचीत के दौरान जैस्मिन भसीन ने शो के दौरान के अपने खूबसूरत पलों को याद करते हुए सलमान खान द्वारा उन्हें दी गई एक सलाह का भी जिक्र किया। जिसने उनके जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ा। अभिनेत्री ने बताया कि कैसे सलमान के कुछ शब्दों ने उन्हें भावनात्मक रूप से अधिक खुला और आत्मविश्वासी बनने में मदद की। उसका उनके जीवन पर काफी प्रभाव पड़ा। जैस्मिन ने बताया कि सलमान खान ने मुझसे कहा था, जैस्मिन, तुम जितना सोचती हो, जो महसूस करती हो, तुम उसे जाहिर नहीं करती हो। बोलोगी तो नहीं पछताओगी। अगर नहीं बोलोगी, मन में रखोगी तो पछताओगी।

अब मैं ज्यादा एक्सप्रेसिव हो गई हूं, जैस्मिन ने आगे कहा, सलमान खान ने एक एपिसोड के दौरान मुझे यह सलाह दी थी। मैंने इसे गंभीरता से लिया है और मेरा विश्वास करो, मैं बेहतर महसूस करती हूं। मैं पहले से ज्यादा एक्सप्रेसिव हो गई हूं। चाहे वह अच्छी बात हो या बुरी। पहले मैं सिर्फ अच्छा ही बोलती थी और अगर किसी को कुछ बुरा लगता था तो मैं नहीं बोलती थी। पर अब मैं अपने आप को ज्यादा एक्सप्रेस करती हूं और मैं उनकी इस सलाह के लिए बहुत आभारी हूं।

## बिग बॉस 14 से पॉपुलर हुईं जैस्मिन

बिग बॉस 14 के बाद जैस्मिन भसीन काफी लोकप्रिय हो गईं। वो सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहने लगीं। इसी शो के दौरान जैस्मिन भसीन और अली गोनी का अफेयर खुलकर सामने आया था। दोनों अभी भी रिश्ते में हैं और दोनों की शादी की खबरें अक्सर चर्चाओं में बनी रहती हैं। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।




# जिद्दी राजकुमार की आमकुमारी से मुलाकात की शाही प्रेम कहानी है द रॉयल्स

ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर की वेब सीरीज द रॉयल्स को अब देखने के लिए और ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा, क्योंकि फिल्म निर्माताओं ने इसकी ओटीटी रिलीज से पर्दा उठा दिया है।

भूमि पेडनेकर और ईशान खट्टर पहली बार किसी वेब सीरीज में रोमांस करते नजर आएंगे। यह पहली बार है जब दोनों की जोड़ी एक साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर एक साथ नजर आएगी। वेब सीरीज द रॉयल्स की आज ओटीटी रिलीज की घोषणा हो गई है, जिससे वेब सीरीज को लेकर प्रशंसकों की उत्सुकता और अधिक बढ़ गई है। यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी वेब सीरीज है, जो खस्ताहाल मोरपुर पैलेस पर आधारित है, जहां आर्थिक रूप से संघर्षरत शाही परिवार का सामना एक दृढ़ निश्चयी सीईओ, सोफिया शेखर से होता है। नेटफ्लिक्स ने आज अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक नए पोस्टर के साथ द रॉयल्स की ओटीटी रिलीज डेट की जानकारी शेयर की है, जिससे प्रशंसक बेहद खुश हैं। नेटफ्लिक्स ने ईशान और भूमि की एक रोमांटिक तस्वीर शेयर की है, जिसमें दोनों एक-दूजे को गले लगाते नजर आ रहे हैं। इस शानदार तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, जिद्दी राजकुमार की मुलाकात गर्लबॉस आमकुमारी से होती है। रॉयल मेस, या शाही प्रेम कहानी? 9 मई को नेटफ्लिक्स पर आने वाली नई सीरीज द रॉयल्स देखें, सिर्फ नेटफ्लिक्स पर।

द रॉयल्स एक शाही रोमांटिक कॉमेडी है, जिसमें एक ट्विस्ट है। यह शाही परिवार खिताबों से भरा हुआ है लेकिन खजाने से कंगाल है। जब कॉरपोरेट जगत की एक तेज-तर्रार सीईओ सोफिया शेखर उनके जीवन में एंट्री करती है, तो महल की किस्मत को ठीक करना उसका मिशन बन जाता है। लेकिन मोरपुर के लाड़ले राजकुमार अविराज सिंह एक कहानी में एक नया मोड़ लेकर आते हैं। द रॉयल्स की नेटफ्लिक्स पर 9 मई से स्ट्रीमिंग शुरू होगी। इसमें ईशान और भूमि के अलावा जीनत अमान, साक्षी तंवर,नोरा फतेही, डिनो मोरिया, मिलिंद सोमन, चंकी पांडे,विहान सामत, सुमुखी सुरेश, उदित अरोड़ा, लिसा मिश्रा और ल्यूक केनी जैसे कलाकार नजर आएंगे। वेब सीरीज का निर्देशन प्रियंका घोष और नुपुर अस्थाना ने किया है। इसका लेखन नेहा वीना और निर्माण प्रीतीश नंदी ने किया है।

# निकिता दत्ता ने बताया असल जिंदगी में कैसे हैं जयदीप अहलावत



जयदीप अहलावत इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिन्स' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। जयदीप अहलावत अपने इंटेंस रोल और शानदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं। वो अक्सर पर्दे पर गंभीर भूमिकाओं में ही दिखाई देते हैं। लेकिन क्या जयदीप अहलावत असल जिंदगी में भी अपने किरदारों के जितना ही गंभीर हैं ? इस बारे में बात की है 'ज्वेल थीफ' में जयदीप अहलावत की को-स्टार निकिता दत्ता ने। बातचीत में निकिता दत्ता ने जयदीप अहलावत के ऑफ स्क्रीन व्यक्तित्व के बारे में बात करते हुए कहा, ऑफ कैमरा जयदीप अहलावत इतने गंभीर नहीं हैं। वह वास्तव में एक फनी इंसान हैं। फिल्म के कुछ मुश्किल सीन के समय उन्होंने काफी मदद की और उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। फिल्म में एक सीन था जिसमें मैं सिगरेट पकड़े हुए हूं और एक नॉन-स्मोकर होने के नाते मुझे उस सीन में चुनौती का सामना करना पड़ रहा था। मैं इस बात को लेकर सतर्क हो रही थी कि इसे कैसे पकड़ना है, कहां धूम्रपान करना है, कैमरे पर यह कैसा दिखेगा और भी बहुत कुछ। तभी जयदीप अहलावत आराम से आए और उन्होंने सुझाव दिया, जिसे मानना काफी आसान था। यह वाकई में हैरान करने वाला था। वह चुपचाप आते हैं और विनम्रता और सहजता से सुझाव देते हैं।

## 25 अप्रैल से स्ट्रीम होगी 'ज्वेल थीफ'

'ज्वेल थीफ' में जयदीप अहलावत औलक के किरदार में हैं, जो अफ्रीका के सबसे कीमती हीरे, रेड सन को हासिल करने के लिए जुनूनी शक्तिशाली टाइकून है। सैफ अली खान एक रहस्यमय चोर की भूमिका निभा रहे हैं, जिसे औलक ने हीरे को चुराने में मदद करने के लिए काम पर रखा है। वहीं कुणाल कपूर एक पुलिस वाले की भूमिका में और निकिता दत्ता फिल्म की फीमेल लीड के रूप में नजर आएंगी। कुकी गुलाटी और रॉबी ग्रेवाल द्वारा निर्देशित 'ज्वेल थीफ - द हीस्ट बिगिन्स' 25 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।





# 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' में नजर आएंगे रोनित

**रोनित रॉय जल्द ही सीरियल 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' में राजा सोमेश्वर चौहान की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। कुछ दिन पहले ही अपने इंस्टाग्राम पेज पर अभिनेता से इस सीरियल से जुड़ा एक प्रोमो साझा किया। रोनित रॉय पहले भी कई मशहूर टीवी सीरियल का हिस्सा रहे हैं, जानिए उन्हीं कुछ चर्चित टीवी सीरियल के बारे में।**

## कसौटी जिंदगी की

साल 2001 में सीरियल 'कसौटी जिंदगी की' में श्वेता तिवारी ने प्रेरणा नाम की लड़की का रोल किया था, रोनित रॉय भी इस सीरियल में नजर आए। रोनित ने मिस्टर बजाज का किरदार निभाया। मिस्टर बजाज, प्रेरणा से बेइंतहा मोहब्बत करता था। दर्शकों को भी रोनित का यह किरदार काफी पसंद आया।

## क्योंकि सास भी कभी बहू थी

टीवी का सबसे चर्चित टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी(2000)' में भी रोनित रॉय ने मिहिर का किरदार निभाया। पहले इस किरदार को अमर उपाध्याय ने निभाया था। सीरियल में तुलसी (स्मृति ईरानी) नाम की महिला और उसके गुजराती ससुराल की कहानी थी। रोनित ने तुलसी के पति मिहिर का रोल इस टीवी सीरियल में किया।

## अदालत

साल 2010 में रोनित रॉय ने एक कोर्टरूम ड्रामा सीरियल 'अदालत' किया। इसमें उन्होंने वकील के.डी पाठक का किरदार किया। सीरियल में रोनित के किरदार को दर्शकों ने काफी सराहा, यह सीरियल सास-बहू ड्रामा से बिल्कुल अलग था।

## बंदिनी

साल 2009 में रोनित रॉय ने एक सीरियल 'बंदिनी' किया। इसमें अभिनेता ने धर्मराज शक्ति सिंह का किरदार निभाया, जिसकी शादी अपने से आधी उम्र की लड़की से हो जाती है। जिस जोड़े में एज गैप होता है, उनके बीच प्यार की कहानी कैसे बनती है? यही सीरियल की कहानी थी। सीरियल में हीरोइन का रोल आसिया काजी ने निभाया था।

## इतना करो ना मुझे प्यार

2014 में सीरियल 'इतना करो ना मुझे प्यार' में रोनित रॉय और पल्लवी कुलकर्णी साथ नजर आए। इस सीरियल में नील और रागिनी की कहानी थी, जो किसी कारण से अलग हो गए, इनके बीच तलाक हो गया। सालों बाद ये मिलते हैं, तो इनके बीच फिर से एक प्रेम कहानी शुरू होती है।

# विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की उल जलूल इश्क को मिला नया शीर्षक

विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की आने वाली फिल्म उल जलूल इश्क का नाम बदल दिया गया है। फैशन आइकन मनीष मल्होत्रा द्वारा निर्मित इस रोमांटिक ड्रामा का नाम अब आधिकारिक तौर पर गुस्ताख इश्क रखा गया है। यह अपडेट खुद मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। उन्होंने एक नया पोस्टर भी जारी किया, जिसमें विजय और फातिमा एक दूसरे को गले लगाते हुए दिखाई दे रही है। इस फिल्म का निर्देशन विभु पुरी करेंगे, जो 2015 में आई फिल्म हवाईजादा के लिए जाने जाते हैं।

जनवरी में मनीष मल्होत्रा ने भी स्टार-स्टडेड कास्ट को प्रशंसकों से मिलवाया था। बन टिक्की और ट्रेन फॉम छपरौला के बाद यह मल्होत्रा का स्टेज 5 प्रोडक्शन के बैनर तले तीसरा प्रोजेक्ट है।

फिल्म का निर्माण और कलाकार

फिल्म के अनाउंसमेंट के दौरान मनीष ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट भी शेयर किया था, जिसमें लिखा था, बेवकूफियां, नादान गलतियां, बड़ी भूल है इश्क, सच पूछिए तो मेरे हुजूर उल जलूल है इश्क। मुझे हमारे स्टेज 5 प्रोडक्शन के तीसरे फिल्म प्रोडक्शन की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। विभु पुरी द्वारा लिखित और निर्देशित एक खूबसूरत फिल्म उल जलूल इश्क फिल्म की शूटिंग 9 जनवरी से इन बेहद प्रतिभाशाली कलाकारों नसीरुद्दीन शाह, विजय वर्मा, फातिमा सना शेख के साथ शुरू होगी।





हिन्दू धर्म में मोर के पंखों का विशेष महत्व है। मोर के पंखों में सभी देवी-देवताओं और सभी नौ ग्रहों का वास होता है। ऐसा क्यों होता है, हमारे धर्म ग्रंथों में इससे संबंधित कथा है .

# मयूर पंख से होते हैं हर ग्रह के दोष दूर

भगवान शिव ने मां पार्वती को पक्षी शास्त्र में वर्णित मोर के महत्व के बारे में बताया है। प्राचीन काल में संध्या नाम का एक असुर हुआ था। वह बहुत शक्तिशाली और तपस्वी असुर था। गुरु शुकाचार्य के कारण संध्या देवताओं का शत्रु बन गया था। संध्या असुर ने कठोर तप कर शिवजी और ब्रह्मा को प्रसन्न कर लिया था। ब्रह्माजी और शिवजी प्रसन्न हो गए तो असुर ने कई शक्तियां वरदान के रूप में प्राप्त की। शक्तियों के कारण संध्या बहुत शक्तिशाली हो गया था। शक्तिशाली संध्या भगवान विष्णु के भक्तों का सताने लगा था। असुर ने स्वर्ग पर भी आधिपत्य कर लिया था, देवताओं को बंदी बना लिया था। जब किसी भी तरह देवता संध्या को जीत नहीं पा रहे थे, तब उन्होंने एक योजना बनाई। योजना के अनुसार सभी देवता और सभी नौ ग्रह एक मोर के पंखों में विराजित हो गए। अब वह मोर बहुत शक्तिशाली हो गया था। मोर ने विशाल रूप धारण किया और संध्या असुर का वध कर दिया। तभी से मोर को भी पूजनीय और पवित्र माना जाने लगा। ज्योतिष शास्त्र में भी मोर के पंखों का विशेष महत्व बताया गया है। यदि विधिपूर्वक मोर पंख को स्थापित किया जाए तो घर के वास्तु दोष दूर होते हैं और कुंडली के सभी नौ ग्रहों के दोष भी शांत होते हैं। घर का द्वार यदि वास्तु के विरुद्ध हो तो द्वार पर तीन मोर पंख स्थापित करें।

## शनि के लिए

शनिवार को तीन मोर पंख ले कर आएं। पंख के नीचे काले रंग का धागा बांध लें। एक थाली में पंखों के साथ तीन सुपारियां रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें–

ॐ शनैश्वराय नम: जाग्रय स्थापय स्वाहा:

- तीन मिटटी के दीपक तेल सहित शनि देवता को अर्पित करें।
- गुलाब जामुन या प्रसाद बना कर चढ़ाएं। इससे शनि संबंधी दोष दूर होता है।

## चंद्र के लिए

सोमवार को आठ मोर पंख लेकर आएं, पंख के नीचे सफेद रंग का धागा बांध लें। इसके बाद एक थाली में पंखों के साथ आठ सुपारियां भी रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।

ॐ सोमाय नम: जाग्रय स्थापय स्वाहा:

- पान के पांच पत्ते चंद्रमा को अर्पित करें। बर्फी का प्रसाद चढ़ाएं।

## मंगल के लिए

मंगलवार को सात मोर पंख लेकर आएं, पंख के नीचे लाल रंग का धागा बांध लें। इसके बाद एक थाली में पंखों के साथ सात सुपारियां रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।

ॐ भू पुत्राय नम: जाग्रय स्थापय स्वाहा:

- पीपल के दो पत्तों पर चावल रखकर मंगल ग्रह को अर्पित करें। बूंदी का प्रसाद चढ़ाएं।

## बुध के लिए

बुधवार को छ: मोर पंख लेकर आएं। पंख के नीचे हरे रंग का धागा बांध लें। एक थाली में पंखों के साथ छ: सुपारियां रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।

ॐ बुधाय नम: जाग्रय स्थापय स्वाहा:

- जामुन बुध ग्रह को अर्पित करें।
- केले के पत्ते पर रखकर मीठी रोटी का प्रसाद चढ़ाएं।

## गुरु के लिए

गुरुवार को पांच मोर पंख लेकर आएं। पंख के नीचे पीले रंग का धागा बांध लें। एक थाली में पंखों के साथ पांच सुपारियां रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।

ॐ बृहस्पते नम: जाग्रय स्थापय स्वाहा:

- ग्यारह केले बृहस्पति देवता को अर्पित करें।
- बेसन का प्रसाद बनाकर गुरु ग्रह को चढ़ाएं।

## शुक्र के लिए

शुक्रवार को चार मोर पंख लेकर आएं। पंख के नीचे गुलाबी रंग का धागा बांध लें। एक थाली में पंखों के साथ चार सुपारियां रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।

ॐ शुक्राय नम: जाग्रय स्थापय स्वाहा:

- तीन मीठे पान शुक्र देवता को अर्पित करें।
- गुड़-चने का प्रसाद बना कर चढ़ाएं।

## सूर्य के लिए

रविवार के दिन नौ मोर पंख लेकर आएं और पंख के नीचे मैरून रंग का धागा बांध लें। इसके बाद एक थाली में पंखों के साथ नौ सुपारियां रखें, गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।

ॐ सूर्याय नम: जाग्रय स्थापय स्वाहा:

- इसके बाद दो नारियल सूर्य भगवान को अर्पित करें।

## राहु के लिए

शनिवार को सूर्य उदय से पूर्व दो मोर पंख लेकर आएं। पंख के नीचे भूरे रंग का धागा बांध लें। एक थाली में पंखों के साथ दो सुपारियां रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।

ॐ राहवे नम: जाग्रय स्थापय स्वाहा:

- चौमुखा दीपक जलाकर राहु को अर्पित करें। कोई भी मीठा प्रसाद बनाकर चढ़ाएं।

## केतु के लिए

शनिवार को सूर्य अस्त होने के बाद एक मोर पंख लेकर आएं। पंख के नीचे स्लेटी रंग का धागा बांध लें। एक थाली में पंख के साथ एक सुपारी रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।

ॐ केतवे नम: जाग्रय स्थापय स्वाहा:

- पानी के दो कलश भरकर राहु को अर्पित करें।
- फलों का प्रसाद चढ़ाएं।

# तनिष्क ने अक्षय तृतीया के लिए नाजुक कुंदन कलेक्शन में प्रस्तुत की सबसे बेहतरीन कारीगरी

भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा परिवार का एक हिस्सा, तनिष्क ने अक्षय तृतीया के लिए अपना नया कुंदन स्टोरीज़ कलेक्शन प्रस्तुत किया है। बहुत ही खास डिज़ाइन और बेजोड़ कारीगरी के ज़रिए सोने की कारीगरी का सम्मान इस कलेक्शन में किया गया है। अक्षय तृतीया और समर वेडिंग सीज़न नज़दीक आ रहे हैं, हाथों से बनाए गए नाजुक मास्टरपीसेस प्रस्तुत करने की तनिष्क की प्रतिबद्धता यह कलेक्शन रेखांकित करता है। आधुनिक शान और विरासत का मिलाप इसमें पाया जा सकता है। भारतीय महिलाओं के जीवन में खास दिनों की खूबसूरती और जश्न के अनुरूप बनाए गए डिज़ाइन प्रस्तुत करके उनके सफर का अटूट हिस्सा बनना तनिष्क का लक्ष्य है। भारत की विविधतापूर्ण सांस्कृतिक विरासत और तनिष्क महिला से प्रेरणा लेते हुए, कुंदन स्टोरीज़ कलेक्शन का हर आभूषण हाथों से 200 घंटों तक बनाया गया है, बेजोड़ कारीगरी और विश्वास की तनिष्क की विरासत को दर्शाता है। इस कलेक्शन में राजसी कुंदन डिज़ाइन हैं, टक्कर का काम, तलफ, घुंगरू बंचिंग, वायर वर्क, पर्ल बंचिंग और डाई-स्टाम्पिंग टेक्निक इसमें इस्तेमाल किए गए हैं। परंपरा और आधुनिक रिफाइनमेंट का सही संतुलन इस कलेक्शन में बखूबी किया गया है। अक्षय तृतीया की जड़ें सांस्कृतिक परंपराओं में गहरी जड़ी हैं, शुभारंभ के इस त्यौहार में विरासत, परंपरा को कारीगरी और दीघकालीन मूल्य के साथ जोड़ने वाले आभूषणों की मांग बढ़ती जाती है। आज के दौर में उपभोक्ता अनोखे सोने के आभूषणों को पसंद करने लगे हैं, यह कलेक्शन ज़िंदगी भर याद रखे जाने वाली खुशियों का हिस्सा बनेगा, समृद्धि और कालातीत शान का प्रतीक बनेगा। समर वेडिंग सीज़न नज़दीक आ रहा है, कुंदन स्टोरीज़ कलेक्शन आधुनिक भारतीय दुल्हन की भावनाओं को बखूबी समझता है, इसमें पारंपरिक खूबसूरती और आधुनिक शान का मिलाप है। वेडिंग सीज़न में कुंदन आधुनिक दुल्हन की पसंद बनेगा, ब्रांड की उच्च गुणवत्तापूर्ण नाजुक डिज़ाइन कालातीत खूबसूरती को दर्शाती हैं। तनिष्क ने सोने के आभूषणों की बेहतरीन कारीगरी में नए मानक प्रस्तुत करना जारी रखा है, परंपरा और नवाचार का फ्यूजन चाहने वाली दुल्हनों का यह पसंदीदा ब्रांड है। तनिष्क की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर पेल्कि त्शेरिंग ने कहा, "तनिष्क में हर आभूषण एक कहानी है, कारीगरों ने अपने हाथों से बनाए हुए यह आभूषण तनिष्क महिला की सोच और पसंद से प्रेरित हैं। नयी शुरूआत के इस सीज़न के लिए हमारा कुंदन स्टोरीज़ का नया कलेक्शन आधुनिक शान और विरासत के मिलाप को दर्शाता है, पारंपरिक कला की खूबसूरती का जश्न मनाता है और तनिष्क महिला की आज की दुनिया के लिए आभूषणों की नयी परिभाषा रचता है। आज ज़्यादा से ज़्यादा ग्राहकों को सार्थक और हाई-वैल्यू आभूषण पसंद आ रहे हैं, हमारे बेस्ट गोल्ड रेट और पुराने सोने को एक्सचेंज करने की योजनाओं को काफी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। 1 लाख से भी ज़्यादा दुल्हनों ने शादी के आभूषणों के लिए हमें चुना है - यह विश्वास हमारी संपत्ति है, आपकी ज़िंदगी के खास पल आपके लिए जितने अर्थपूर्ण हैं उतने ही अर्थपूर्ण आभूषण बनाना हम आगे भी जारी रखेंगे।" त्यौहारों के लिए की जा रही खरीदारी के अनुभव को और भी शानदार बनाने के लिए तनिष्क ने बेहतरीन ऑफर की घोषणा की है, इसमें सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्जेस और डायमंड ज्वेलरी वैल्यू पर 20% तक की छूट और सोने की खरीदारी पर हर ग्राम में 101 रुपयों की खास छूट दी जा रही है। ग्राहकों को गोल्ड रेट प्रोटेक्शन के लाभ भी मिल सकते हैं, जिसके लिए उन्हें एडवांस में बुकिंग करनी होगी, इस तरह से वे सोने की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी से बच सकते हैं। इसके अलावा, तनिष्क में आप किसी भी ज्वेलर से ख़रीदे हुए, पुराने सोने पर पा सकते हैं 100% एक्सचेंज वैल्यू, इस ऑफर के साथ तनिष्क ग्राहकों को दे रहा है भरोसेमंद, लचीली और स्मार्ट सोने की खरीदारी का सुनहरा मौका! दिल्ली एनसीआर, हरयाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और मुंबई के सभी तनिष्क स्टोर्स में तनिष्क का कुंदन स्टोरीज़ कलेक्शन उपलब्ध है। कारीगरी, विरासत, बेजोड़ डिज़ाइन के वचन के साथ ग्राहक अनुभव कर सकते हैं शानदार कलेक्शन का जहां हर आभूषण कला और परंपरा का मास्टरपीस है।




# श्रीकृष्ण के शारंग धनुष की खास बातें

**श्रीराम के पास कोदंड, शिवजी के पास पिनाक और अर्जुन के पास गाण्डिव धनुष था। प्रभु श्रीकृष्ण को आपने धनुष धारण करते हुए नहीं देखा होगा परंतु उनके पास था सारंग या शारंग नाम का धनुष। आओ जानते हैं इसके बारे में कुछ खास।**



- भगवान श्रीकृष्ण सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर भी थे यह बात तब पता चली, जब उन्होंने लक्ष्मणा को प्राप्त करने के लिए स्वयंवर की धनुष प्रतियोगिता में भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में कर्ण, अर्जुन और अन्य कई सर्वश्रेष्ठ धनुर्धरों ने भाग लिया था। द्रौपदी स्वयंवर से कहीं अधिक कठिन थी लक्ष्मणा स्वयंवर की प्रतियोगिता। भगवान श्रीकृष्ण ने सभी धनुर्धरों को पछाड़कर लक्ष्मणा से विवाह किया था। हालांकि लक्ष्मणा पहले से ही श्रीकृष्ण को अपना पति मान चुकी थी इसीलिए श्रीकृष्ण को इस प्रतियोगिता में भाग लेना पड़ा।
- शारंग का अर्थ होता है रंगा हुआ, रंगदार, सभी रंगोंवाला और सुंदर।
- कहते हैं कि भगवान श्रीकृष्ण का यह धनुष सींग से बना हुआ था।
- कुछ मानते हैं कि यह वही शारंग है जिसे कण्व की तपस्यास्थली के बांस से बनाया गया था। ब्रह्माजी के आदेश से विश्वकर्माजी ने इन बांसों से 1.गांडीव, 2. पिनाक और 3.सारंग नाम के तीन धनुष बनाए थे।
- यह भी कहा जाता है कि वत्तासुर नाम का एक दैत्य था जिसका संपूर्ण धरती पर आतंक था। उसके आतंक का सामना करने के लिए दधीचि ऋषि ने देशहित में अपनी हड्डियों का दान कर दिया था। उनकी हड्डियों से 3 धनुष बने- 1.गांडीव, 2.पिनाक और 3.सारंग। इसके अलावा उनकी छाती की हड्डियों से इन्द्र का वज्र बनाया गया। इसी सभी दिव्यास्त्रों को लेकर वत्तासुर के साथ युद्ध किया और उसका वध कर दिया गया था।
- एक कथा के अनुसार भगवान कृष्ण और राक्षस शल्व के बीच एक युद्ध के दौरान शारंग धनुष प्रकट होता है। शल्व ने कृष्ण के बाएं हाथ पर हमला किया जिससे कृष्ण के हाथों से शारंग छूट गया। बाद में, भगवान कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शल्व के सिर को धड़ से अलग कर दिया।
- कहते है कि भगवान विश्वकर्मा ने तीन धनुष बनाए थे। पहला पिनाक, दूसरा गांडिव और तीसरा शारंग। ब्रह्मा ने विष्णुजी और शिवजी के बीच झगड़ा पैदा कर दिया कि तुम दोनों में से बेहतर तीरंदाज कौन है। फिर दोनों में भयंकर युद्ध हुआ। शिवजी के पास पिनाक था और विष्णुजी के नास शारंग। अंत में ब्रह्माजी ने दोनों के क्रोध को शांत किया तब शिवजी ने क्रोधित होकर पिनाक देवरात को सौंप दिया। देवराज से यह धनुष राजा जनक के पास चला गया। इसी तरह विष्णुजी ने भी क्रोधित होकर अपना धनुष ऋषि ऋचिक को सौंप दिया।
- शारंग धनुष सबसे पहले भगवान विष्णु के पास था। विष्णुजी ने इसे ऋषि ऋचिक को दे दिया था। ऋषि ऋचिक ने अपने पौत्र परशुराम को दिया और परशुरामजी ने श्रीराम को दिया। श्रीराम ने यह धनुष जल के देवता वरुण को दे दिया और भगवान वरुणदेव ने खांडवदहन के दौरान इस धनुष को श्रीकृष्ण को सौंप दिया। मृत्यु से ठीक पहले, कृष्ण ने इस धनुष को महासागर में फेंककर वरुण को वापस लौटा दिया।

# हताशा से घिर जाएं तो यह उपाय अपनाएं

हमारे आसपास अगर नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ जाता है तो यह जीवन में हताशा लाता है। इसके लिए वास्तु दोष भी कारण हो सकते हैं। अगर मन में नकारात्मक विचारों का प्रवाह बढ़ रहा है तो वास्तु में बताए गए आसान से उपायों को अपना सकते हैं। यह उपाय जीवन जीने की प्रेरणा देंगे और सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ाएंगे। हताशा अगर घेरने लगे तो शिव स्तुति, महामृत्युंजय मंत्र, शिवकवच, देवीकवच का पाठ करें। नियमित रूप से भगवान शिव का जलाभिषेक करें। पांच अन्न गेहूं, ज्वार, चावल, मूंग, जवा और बाजरा का दान करें। पक्षियों को अन्न खिलाएं। नमक के जल से स्नान करें। घर में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था करें। सूरज की किरणें घर से नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने में सहायक हैं। घर के दरवाजे और खिड़कियों को अच्छे से साफ करें। अगरबत्ती या धूप जलाएं। गायत्री मंत्र का उच्चारण करें। घर में हवन या पूजा कराएं। घर को व्यवस्थित रखें। पुराने पर्दे या चादरें बदल दें। घर के जिस हिस्से में नकारात्मक ऊर्जा का अहसास होता हो वहां जोर-जोर से ताली बजाएं। तुलसी के पौधे को घर में जरूर लगाएं। शनिवार के दिन वस्त्र और भोजन बांटें। घर में सदैव शांति बनाए रखने का प्रयास करें। यह भी माना जाता है कि किसी दूसरी जगह जाने से हताशा और दुर्भाग्य से छुटकारा मिल जाता है।



# जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट का निर्माण कार्य शुरू किया




जयपुर टाइम्स

**पश्चिम बंगाल,** जेएसडब्ल्यू एनर्जी लिमिटेड, जो भारत में निजी क्षेत्र की अग्रणी बिजली उत्पादक और 24 बिलियन डॉलर के जेएसडब्ल्यू ग्रुप का हिस्सा है, ने पश्चिम बंगाल के सालबोनी में अपने अत्याधुनिक 1,600 मेगावाट (2×800 मेगावाट) के अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट का निर्माण कार्य शुरू किया। इस प्लांट के शिलान्यास समारोह में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ ही जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल, जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की चेयरपर्सन संगीता जिंदल और जेएसडब्ल्यू ग्रुप के पार्थ जिंदल और राज्य सरकार के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन, सज्जन जिंदल ने कहा, "जेएसडब्ल्यू एनर्जी का आगामी 1600 मेगावाट का अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट हमारे ग्रुप का सबसे बड़ा ग्रीनफील्ड प्लांट है और यह पश्चिम बंगाल में निजी क्षेत्र द्वारा की जाने वाली सबसे बड़ी थर्मल पावर परियोजना है। हम इस परियोजना में ?16,000 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रहे हैं और यह प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 2000 से अधिक रोजगार के अवसर उत्पन्न करेगा। हम सालबोनी में 2000 एकड़ में फैले एक जेएसडब्ल्यू औद्योगिक पार्क की स्थापना भी कर रहे हैं, जिसमें नवीनतम शहरी नियोजन सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए प्लग-एंड-प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर होगा। यह औद्योगिक पार्क राज्य के साथ-साथ हमारे देश के पूर्वी क्षेत्र में औद्योगिक और आर्थिक विकास में भी एक बड़ा बदलाव लाएगा।"

# एमएसडीई ने 'एआई करियर्स फॉर वीमेन' के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ की साझेदारी



जयपुर टाइम्स

**भारत,** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय(एमएसडीई) ने 'एआई करियर्स फॉर वीमेन' के लॉन्च के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, इस कौशल पहल का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में महिलाओं को आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स में करियर बनाने और डिजिटल इकोनोमी में भागीदारी के लिए सक्षम बनाना है। जयंत चौधरी, राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय तथा राज्य मंत्री, शिक्षा मंत्रालय ने कहा, "माइक्रोसॉफ्ट के साथ यह साझेदारी एआई जैसे उभरते टेक क्षेत्रों में महिलाओं को अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस प्रोग्राम को एनईपी के अनुरूप क्रेडिट-लिंक्ड युनिवर्सिटी पाठ्यक्रम में शामिल हम 21वीं सदी की लर्निंग को प्रत्यास्थ, बहु-आयामी एवं उद्योग जगत के अनुकूल बना रहे हैं।" समावेशी कौशल के लिए माइक्रोसॉफ्ट की प्रतिबद्धता पर बात करते हुए अपर्णा गुप्ता, ग्लोबल डिलीवरी सेंटर लीडर माइक्रोसॉफ्ट इंडिया ने कहा, "कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय तथा माइक्रोसॉफ्ट के बीच इस साझेदारी को लेकर हम बेहद उत्सुक हैं, जो भारत की युवा महिलाओं को एआई में करियर बनाने के लिए तैयार करेगी। इस साझेदारी के माध्यम से हम टियर-2 और टियर-3 नगरों के संस्थानों की क्षमता बढ़ा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं एआई-पावर्ड इकोनोमी में शामिल होकर आने वाले कल के कार्यबल को नया आयाम दे सकें।'

# इंडस इंटरनेशनल टूर्नामेंट 2 करोड़ रुपये के पुरस्कार पूल के साथ पुणे में लेकर आ रहा है ईस्पोर्ट्स शोडाउन

915 टीमें, एक एरिना। भारत के सबसे बड़े एलएएन फिनाले के लिए मंच तैयार है, जहां नए ईस्पोर्ट्स चैंपियन उभरेंगे 9

**पुणे, भारत** भारत के अग्रणी गेम डेवलपर सुपरगेमिंग, 18 मई, 2025 को ड्रोम एरिना, पुणे में इंडस इंटरनेशनल टूर्नामेंट (आईआईटी) के भव्य एलएएन फिनाले की मेजबानी करने के लिए तैयार है। यह फिनाले भारत के सबसे बड़े ईस्पोर्ट्स टूर्नामेंटों में से एक का समापन है, जिसमें भारत के स्वदेशी इंडो-फ्यूचरिस्टिक बैटल रॉयल टाइटल इंडस बैटल रॉयल में जमीनी स्तर की प्रतिभाओं, राष्ट्रीय दावेदारों और वैश्विक ईस्पोर्ट्स टीमों की यात्रा का जश्न मनाया जाएगा। 2.5 करोड़ रुपये के कुल पुरस्कार पूल के साथ, इंडस इंटरनेशनल टूर्नामेंट को वैश्विक ईस्पोर्ट्स मानचित्र पर भारतीय प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। फिनाले में होमग्रोन, नेशनल, पावरप्ले और इंटरनेशनल चरणों की 15 शीर्ष टीमें गौरव और 2 करोड़ रुपये के चैंपियनशिप पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। दांव में इजाफा करते हुए, एलएएन फिनाले के सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) को एक कस्टम महिंद्रा थार से सम्मानित किया जाएगा, जो इसे भारतीय ईस्पोर्ट्स में सबसे अधिक आकांक्षात्मक पुरस्कारों में से एक बना देगा।

**अब तक की मुख्य बातें**

घरेलू, राष्ट्रीय, पावरप्ले और अंतर्राष्ट्रीय चरणों में 1000 से अधिक टीमों ने भाग लिया।

टूर्नामेंट के 4 चरणों में कुल 946 मैच खेले गए, जिनमें लास्ट चांस क्वालीफायर भी शामिल हैं।

टूर्नामेंट के 4 चरणों में कुल 946 मैच खेले गए, जिनमें लास्ट चांस क्वालीफायर भी शामिल हैं

इंडस इंटरनेशनल टूर्नामेंट में सभी चरणों में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। क्वालीफाइंग टीमें हैं टीम रॉग, डीजीई, मोगर्स, ईस्पोर्ट्स बैटलग्राउंड, 4मैजिक (ब्राजील), काडिलिमन ईस्पोर्ट्स (फिलीपींस), जीरो ग्रेविटी, मार्कोस गेमिंग, लिकिथा ईस्पोर्ट्स, हीटबीस्ट, गोल्डन हॉर्नेट, 4एवर, ऑटोबोट्ज और ब्लाइंड ईस्पोर्ट्स - जो वास्तव में वैश्विक और प्रतिस्पर्धी लाइनअप का निर्माण करती हैं। सुपरगेमिंग के सह-संस्थापक और सीईओ रॉबी जॉन ने कहा, "इंडस इंटरनेशनल टूर्नामेंट भारतीय ईस्पोर्ट्स के भविष्य को जमीन से ऊपर उठाने का हमारा तरीका है। यह केवल पेशेवरों के बारे में नहीं है - यह जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धा करने, बढ़ने और अपने जुनून को पेशे में बदलने के लिए एक वास्तविक मंच देने के बारे में है। हम चाहते हैं कि इंडस ईस्पोर्ट्स सितारों की अगली लहर के लिए शुरुआती बिंदु बने - देश के हर कोने से वैश्विक मंच तक।" एलएएन फिनाले में देश भर से प्रशंसक, क्रिएटर और ईस्पोर्ट्स के दीवाने भारतीय ईस्पोर्ट्स उत्कृष्टता के एक अनोखे जश्न में शामिल होने की उम्मीद है। चैंपियनशिप शोडाउन के साथ-साथ, इस कार्यक्रम में इमर्सिव अनुभव, क्रिएटर मीट-एंड-ग्रीट्स और लाइव म्यूज़िक परफॉरमेंस भी पेश किए जाएंगे, जो इसे भारत के गेमिंग इकोसिस्टम के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बना देगा।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ



जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निसं.)** चाकसू कस्बे में गुरुवार को मुस्लिम महासभा के द्वारा शाह जलाल दरगाह में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुस्लिम महासभा के प्रदेशाध्यक्ष इकबाल भाटी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशमा सोलंकी के जन्मदिन पर मुस्लिम महासभा के द्वारा लगाया गया रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया। वहीं रक्तदाताओं को अल्पाहार खिलाकर उनको स्मृति चिन्ह व सम्मानित पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मुस्लिम महासभा के पदाधिकारियों सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## वल्लभभाई पटेल व स्वामी श्री सेवानन्द महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा



जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निसं.)** चाकसू उपखंड क्षेत्र के कोटखावदा मगुरुवार को श्री देवनारायण मन्दिर परिसर में भारत रत्न लोह पुरुष स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण एवं श्री श्री 1008 ब्रह्मलीन स्वामी श्री सेवानन्द महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया  इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चाकसू विधायक रामवतार बैरवा रहें। वही बताया कि दोनों महापुरुषों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के विचारों एवं योगदान को याद करते हुए विचार प्रकट किए, साथ ही सेवानंद महाराज के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान कार्यक्रम में गुर्जर समाज सहित आसपास के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। वहीं कार्यक्रम में पूर्व कृषि मंडी चैयरमेन कैलाश शर्मा, प्रधान प्रहलाद मीणा, गुर्जर समाज अध्यक्ष श्रवण गुर्जर, ऐडवोकेट प्रहलाद भगत सहित अन्य समाज बंधु मौजूद रहे।

## रामपुरिया को ग्राम पंचायत माल का खेड़ा में ही रखने की मांग



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)**। रामपुरिया के ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर रामपुरिया को ग्राम पंचायत माल का खेड़ा में ही रखे जाने की मांग की।ज्ञापन में बताया कि रामपुरिया को पूर्व में ग्राम पंचायत जलीन्द्री में शामिल कर रखा था लेकिन ग्राम पंचायत जलीन्द्री से नरेगा, पंचायत किसी भी योजना से लाभ नहीं मिला हैं और आने जाने में भी दिक्कत आती हैं। माल का खेड़ा से रामपुरिया 3 किलो मीटर दूरी पर है और आवागमन में सुविधा रहती हैं।

## 3 लाख 51 हजार में छूटी कलश चढ़ाने की बोली



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)**। गोपालपुरा में चारभुजा मंदिर जीर्णोद्धार व शिव परिवार मूर्ति स्थापना के निमित्त 5 कुंडीय यज्ञ गुरुवार को प्रारम्भ हुआ। मंदिर पर कलश चढ़ाने को बोली 3 लाख 51 हजार में बजरंग मेहता के नाम पर और यज्ञ में प्रधान कुण्ड की बोली 1 लाख 71हजार में शंकर किराड़ के नाम पर छूटी।आयोजन में 12 गांवों के किराड़ समाज के महिला-पुरुष भाग ले रहे हैं।शुक्रवार को पूर्णाहुति,कलश स्थापना,मूर्ति स्थापना, महाप्रसादी व रात्रि में भजन संध्या होगी।

# पेंशन पर पड़ी रोक से टूटा बुजुर्गों का भरोसा, फूटा आक्रोश

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निसं.)** जिन कंधों पर देश की रेल व्यवस्था वर्षों तक चली, आज उन्हीं कंधों से जीवन का सहारा छीना जा रहा है। फुलेरा में रेलवे पेंशनर्स की पारिवारिक पेंशन को नियमों के विरुद्ध रोक दिए जाने से बुजुर्गों में आक्रोश की लहर दौड़ गई। रेलवे पेंशनर्स सोसायटी के पदाधिकारी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा पहुंचे और शाखा प्रबंधक से मिलकर इस अमानवीय निर्णय पर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया।शाखा प्रबंधक ने पेंशन रुकने का कारण 'लोन की अदायगी' बताया और कहा कि मामले को उच्च अधिकारियों के समक्ष भेज दिया गया है, एक सप्ताह में समाधान की उम्मीद है। इस पर सोसायटी के सह सचिव एस.के. माथुर ने स्पष्ट शब्दों में कहा, "पेंशन पेंशन होती है, यह किसी का एहसान नहीं, बल्कि उनका हक है। इसे रोकना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि उन बुजुर्गों की गरिमा को ठेस पहुंचाना भी है जो आज भी समाज का आधार हैं।"इस मौके पर सीपी त्रिपाठी, एस.के. माथुर, लाल चन्द, शेषनारायण सेनी, श्याम लाल सैनी सहित कई वरिष्ठ पेंशनर्स मौजूद रहे। सभी ने एक सुर में बैंक की इस कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताया और तत्काल पेंशन बहाल करने की मांग की। फुलेरा में यह मामला अब जनचर्चा का विषय बन गया है। लोग पूछ रहे हैं—क्या उम्र के इस पड़ाव पर भी सम्मान और हक के लिए आवाज उठानी पड़ेगी।

## खोरा बीसल में राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस मनाया

### विचार संगोष्ठी व पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ आयोजित



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। रामपुरा डाबडी तहसील के ग्राम खोरा बीसल पंचायत भवन में राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर पर विचार संगोष्ठी एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम उप जिलाप्रमुख मोहन डागर के मुख्य के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच सुरेन्द्र डाबी ने की। इस दौरान पंचायतीराज के जनप्रतिनिधियों ने पंचायतीराज के अधिकारों पर विचार-विमर्श कर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजींव गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित उनको याद किया। कार्यक्रम में उप जिलाप्रमुख डागर ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजींव गांधी की जीवनी पर प्रकाश डाला। व उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संविधान की प्रति भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान सरपंच पवन कुमार बुनकर , पूर्व पंचायत समिति सदस्य शंकरलाल लाखीवाल, पूर्व वार्डपंच हंसराज डबरिया, समाजसेवी सी.पी. डबरिया, मुकेश बासीवाल,कालुराम रावल्या, भोमराज कुमावत, दीपचन्द व्यास सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## जल संरक्षण अभियान ने पकड़ी रफ्तार, कलेक्टर मीणा ने की समीक्षा बैठक

### सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने पर दिया जोर

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)**। जिले में जल संकट की समस्या से निपटने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान ने तेजी पकड़ ली है। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर रामावतार मीणा की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में अभियान की प्रगति पर चर्चा की गई और इसे और गति देने के लिए आवश्यक



निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर मीणा ने कहा कि झुंझुनूं एक अर्ध-शुष्क क्षेत्र है और यहां गर्मियों में अक्सर पानी की कमी हो जाती है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए जल संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य वर्षा जल का अधिक से अधिक संचयन, संग्रहण और पुनर्भरण सुनिश्चित करना है, जिससे जिले के भूजल स्तर में सुधार हो सके और भविष्य में पानी की जरूरतों को पूरा किया जा सके। कलेक्टर मीणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक गांव में तकनीकी रूप से सक्षम रिचार्ज शाफ्ट संरचनाओं का निर्माण किया जाए। उन्होंने इस कार्य में स्थानीय ग्रामीणों, सामाजिक संगठनों और दानदाताओं (भामाशाहों) से सक्रिय सहयोग लेने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से देश और प्रदेश के अन्य हिस्सों में बसे झुंझुनूं के उन लोगों से भी इस अभियान में योगदान करने की अपील की, जो वर्तमान में अपनी कर्मभूमि पर कार्यरत हैं। बैठक में जल स्रोतों की पहचान करने, वर्षा जल के प्राकृतिक बहाव के रास्तों को चिन्हित करने और ग्रामीण स्तर पर जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर मीणा ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह केवल एक सरकारी योजना नहीं है, बल्कि एक जन-आंदोलन है और इसकी सफलता के लिए हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के प्रयासों को तभी सफलता मिलेगी जब आमजन इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। अभियान के तहत गांवों में जल संरक्षण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें स्कूली बच्चे, पंचायत प्रतिनिधि और समाजसेवी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ संयुक्त तत्वावधान मे समारोह




**सांगानेर(निस)**। भांकरोटा में दक्ष प्रजापति शारिरीक स्पोर्ट्स संस्था जयपुर राजस्थान द्वारा आयोजित प्रजापति समाज क्रिकेट प्रतियोगिता के द्वितीय संस्करण फाइनल समापन समारोह बुधवार 23 अप्रेल 2025 ,ईडन पार्क क्रिकेट मैदान पर सम्पन्न हुआ... विजेता स्पोर्ट्स संस्था, उपविजेता प्रजापति स्टार बनी, प्रजापति समाज के सिरमौर ने शिरकत की.... मुख्य अतिथि के रूप में मान प्रहलाद राय टांक जी अध्यक्ष श्री यादे माटी कला बोर्ड राजस्थान राजस्थान सरकार (राज्य मंत्री जी) , मान कैलाश जी प्रजापति मुहाना प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय प्रजापति कुम्भकार महासंघ, मान रामकिशोर जी प्रजापति चेयरमैन जयपुर, मंच संचालन... धर्मेन्द्र प्रजापति, प्रधान ,सोनू, गणेश ,लक्ष्मण, , गेंदीलाल, सत्यनारायण, युवाओ द्वारा युवाओ के लिए खेल प्रतियोगिता से एक दूसरे के प्रति सद्भावना, स्नेह, मेलझोल समारोह में पधारे सभी का बहुत बहुत धन्यावाद और आभार प्रकट करते हैं....... दक्ष प्रजापति स्पोर्ट्स संस्था कमेटी ।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड - तारानगर (राजस्थान) 331304**

exennphed trn@rediffmail.com
eetar.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक 113-25 दिनांक 15.04.2025

**NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS**

Online tenders are hereby invited on behalf of the Hon'ble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/ Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT e&hibited on web site www.dipr.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, and http://eproc.rajasthan.gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. Tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Annexure. Offline Tendar website submitted Last Date & time For submission Up to 28-04-2025 (14.00 hrs)

| NIT NO. | UBN No. |
|---|---|
| 15/2025-26 | PHE2526WSOB01353 |
| 16/2025-26 | PHE2526WSOB01354 |
| 17/2025-26 | PHE2526GSOB01355 |
| 18/2025-26 | PHE2526GSOB01356 |
| 19/2025-26 | PHE2526GSOB01358 |

SAVE WATER-SAVE LIFE

DIPR/C/5585/2025

xecutive Engineer,
PHED Division Taranagar
Contact: 98871-81073



**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय**

**कार्यालय- एडीआर बिल्डिंग, बी-610, शिव मार्ग, बनीपार्क, जयपुर**

Email : disa17jaipurmetrow@gmail.com Ph. 0141-2947155

क्रमांक- 123 दिनांक- 17.4.2025

**ई-खुली बोली सूचना 02/2025-26**

Bid for LADCS Human Resource (Purely Contract Basis Office Assistant, Receptionist, Peon) for District Legal Services Authority, Jaipur Metropolitan II (Estimated value 14.63 Lakh) are invited from interested bidder upto 28-04-2025 till 11.00 AM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https:// eproc. rajasthan.gov.in, http//sppp.raj.nic.in) of the State; and https:// jaipurmetrow. dcourts.gov.in departmental Website.
NIB No: LSA2526A0007
UBN LSA2526SLOB00007

DIPR/C/5566/2025

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जयपुर महानगर द्वितीय


## हमले पर जताया आक्रोश, श्रद्धांजलि की अर्पित



**जयपुर(निस)**। लाल कोठी विकास समिति के तत्वाधान में विधान सभा के पास स्थित पार्क में विकास समिति के महामंत्री मोहन प्रकाश माथुर के साथ क्षेत्र के निवासी इकट्ठे होकर कश्मीर में निर्दोष हिंदु पर्यटकों को आतंकारियों द्वारा धर्म पूछ पूछ कर निर्ममता से मारने वाले ऐसे निर्मम हिंदू विरोधी हत्यारों के प्रति गहरा आक्रोश प्रगट किया। उनके खिलाफ भारत सरकार द्वारा सख्त कार्यवाही करने का अनुरोध किया और इस मामले में सरकार का पूरा समर्थन करने का संकल्प लिया। मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना जताई। कार्यक्रम में शिवचरण हाडा, प्रमोद त्यागी, के के वर्मा सौभाग्य वर्मा, सुरेश अग्रवाल एवं क्षेत्र के असंख्य महिला पुरुष सम्मिलित हुए। यह जानकारी समाजसेवी शिवचरण हाडा ने दी।


**श्रीमती शीला गोयल मेमोरियल हार्ट एण्ड जनरल हॉस्पीटल**
**श्री राम मन्दिर, चूरू (राज.)**

ओल्ड रिकार्ड को नष्ट करने की सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शीला गोयल मेमोरियल हार्ट एण्ड जनरल हॉस्पीटल की स्थापना 12 फरवरी 2000 से दिनांक 31 दिसम्बर 2021 तक समस्त प्रकार का रिकार्ड अनुसार (बिल, रसीद, भर्ती मरीज, मेडिकल संबधी एवं अन्य दस्तावेज) का निस्तारण / नष्ट किया जाना है । उक्त अवधि तक का किसी प्रकार का कोई दस्तावेज की प्रति/सूचना चाहिए तो 7 दिवस में प्राप्त कर लेवें। तत्पश्चात् उक्त अवधि का ओल्ड रिकार्ड को नष्ट कर दिया जावेगा। अतः सूचित रहे ।
इति दि. 22.4.2025



**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504

क्रमांक- न.पा.रा. / 2025-26 / 361 दिनांक- 23.4.2014

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजन उपयोग के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आवंटन ) नियम 2012 के तहत कृषि भूमि रूपान्तरण उपरान्त कृषि भूमि के पट्टे के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन व नीचे वर्णित भूमि मे अपने अधिकार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69-क के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पत्रावलिया प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावलियों के पट्टे आवंटन के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजो के अन्दर मियाद 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्ततु आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र.सं. | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री बजरंगलाल पुत्र श्री रावतराम जाति माली | वार्ड नं. 17 राजलदेसर | 125.51 वर्ग मीटर | 69-क से वाणिज्यक |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर



**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504

क्रमांक- न.पा.रा. / 2025-26 / 363 दिनांक- 23.4.2014

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजन उपयोग के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आवंटन) नियम 2012 के तहत कृषि भूमि रूपान्तरण उपरान्त कृषि भूमि के पट्टे के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन व नीचे वर्णित भूमि मे अपने अधिकार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 69-क के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पत्रावलिया प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावलियों के पट्टे आवंटन के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के अन्दर मियाद 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्ततु आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र.सं. | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री प्रकाश चन्द पुत्र श्री स्व. मघाराम जाति - भार्गव | वार्ड नं. 08 राजलदेसर | 83.11 वर्ग मीटर | 69-क |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर



**आवश्यक सुचना**

क्रमांक- विशेष /2025 दिनांक 25.04.2025

मेरे मुवक्किलान मोहरसिंह पुत्र इन्द्रचन्द उम्र 55 वर्ष, शीला पत्नी मोहरसिंह जाति प्रजापत निवासीगण राजपुरा तहसील तारानगर जिला चूरू की हिदायतानुसार सर्वसाधारण को सूचना दी जा रही है-
यह कि मेरे मुवक्किलान का लड़का चन्द्रभान उम्र 30 वर्ष मेरे मुवक्किलान व उसके परिवार के कहने सुनने में नहीं है। वह अपनी मनमर्जी से गलत कार्य करता रहता है इसलिए मेरे मुवक्किलान आज दिनांक 25.04.2025 को अपने पुत्र चन्द्रभान को अपनी समस्त चल व अचल सम्पति से बेदखल करते है तथा आज से पूर्व व भविष्य में मेरे मुवक्किलान का पुत्र चन्द्रभान का किसी भी व्यक्ति के साथ कोई लेन देन व संव्यवहार किया है या कोई अपराध आदि किया हुआ है या करेगा तो मेरे मुवक्किलान व उसके परिवार की किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी तथा यदि चन्द्रभान कहीं भी किसी भी लड़की के साथ शादी करेगा या कर ली है तो उसकी पत्नी बाबत भी मेरे मुवक्किलान व उसके परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी, ना ही उसका हक व हिस्सा हमारी सम्पति में होगा । जिसका जिम्मेदार चन्द्रभान स्वयं होगा । मेरे मुवक्किलान व उसके परिवार का आज से चन्द्रभान से कोई संबंध नहीं रहा है।
सूचित हो !
स्थान- तारानगर

मुकेश शर्मा एडवोकेट
तारानगर जिला चूरू
मो. - 9571669597



**नोटिस बनाम सर्वसाधारण**

न्यायालय सिविल न्यायाधीश महोदय
तारानगर जिला चूरू

वाद पत्र सं.: 16 सन् 2024
भंवरी आदि बनाम सर्व साधारण

**वाद पत्र घोषणात्मक एवं सिविल मृत्यु**

सर्वसाधारण
सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि वादीगण भंवरी पत्नी रामूगिर, राजेन्द्र पुत्र रामूगिर, राकेश कुमार पुत्र रामूराम, विनोद पुत्री रामृगिर जाति गोसाई (गुंसाई) निवासीगण सात्यूं तहसील तारानगर जिला चूरू ने रामूगीर पुत्र चिमनगिर उम्र 52 वर्ष जाति गोसाई (गुंसाई) निवासी सात्यूं तहसील तारानगर जिला चूरू की सिविल मृत्यु घोषित करवाने हेतु घोषणात्मक दावा संस्थित किया है। अगर किसी को इस बाबत किसी प्रकार का ऐतराज हो या अपना पक्ष रखना चाहता हो तो इस न्यायालय में दिनांक 6.5.2025 को दिन के 7.00 एएम बजे वादपत्र का उत्तर देने के लिये स्वयं या जरिये वकील हाजिर होवे जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस प्रार्थना पत्र से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको सूचित किया जाता है कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो प्रार्थना पत्र की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जायेगा। यह नोटिस बनाम सर्वसाधारण आज दिनांक 12.7.25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लाकर जारी किया गया।

न्यायालय सिविल न्यायाधीश महोदय
तारानगर सिविल न्यायाधीश

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
25 अप्रेल, 2025

## सिलेंडर रिफलिंग में काम में लिए जा रहे उपकरण जब्त



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** रसद विभाग ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए गांव लोहा में स्थित एक निजी होटल के परिसर से सिलेंडर रिफलिंग में काम लिए जा रहे उपकरणों को जब्त किया है और प्रकरण दर्ज कर जिला कलेक्टर के समक्ष पेश किया जाएगा। रसद विभाग के प्रर्वतन अधिकारी अंशु तिवाड़ी ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर विभाग ने उक्त कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि गांव लोहा में एक निजी होटल के परिसर में अवैध रूप से गैस सिलेंडरों की रिफलिंग करने की सूचना पर रसद विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा वहां रिफलिंग में काम लिए जा रहे आठ घरेलू सिलेंडर, दो रिफलिंग मशीन तथा एक पाईप को जब्त कर 40 वर्षीय रामचंद्र पुत्र न्यांगलाराम के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला कलेक्टर के समक्ष पेश किया जाएगा।

## आतंकी हमले की कड़ी निंदा

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर के विभिन्न व्यापार संघों की बैठक पूर्वी बाजार में गुरुवार की शाम हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में उक्त निर्णय लिया गया है। थोक व्यापार संघ के अध्यक्ष महावीर खेतान, खुदरा व्यापार संघ के अध्यक्ष जयप्रकाश इंदौरिया व कपड़ा व्यापार संघ के राजेश भावनानी ने बताया कि शनिवार को शहर के सभी व्यापारी सुबह अशोक स्तंभ के पास एकत्रित होंगे तथा वहां से जुलूस के रूप में मुख्य बाजार से होते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचेंगे, जहां प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया जाएगा।

## पेड़ पौधों को बचाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय गांधी आश्रम के अध्यक्ष सुभाष बेदी ने जिलाधीश अभिषेक सुराणा के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंप कर पर्यावरण संरक्षण के तहत लगाए गए पौधों को बचाने की मांग की है। ज्ञापन में बेदी ने बताया है कि पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए गांधी आश्रम के समक्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माताजी सहित विभिन्न महान व्यक्तियों की स्मृति में पौधारोपण किया गया था। लेकिन आरओबी निर्माण के तहत सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा चलाये गये अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत इन पेड़ पौधों के जीवन पर संकट है। इसलिए गांधी आश्रम के समक्ष लगाये गये इन पेड़ पौधों का बचाने के लिए प्रशासन को आगे आकर प्रयास करना चाहिए।

## विधिक साक्षरता शिविर में दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से निकटवर्ती गांव गोपालपुरा, डूंगर बालाजी, रूपेली और दूंकर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मोबाइल वैन के माध्यम से एड. निरंजन सोनी, एड. रजनीकांत सोनी, एड.बसंती खेतान ने बाल विवाह अवरोध अधिनियम व आगामी दस मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान विशेष योग्यजनों के लिए अभियान, पेन इंडिया अभियान, पीड़ित प्रतिकर स्कीम, बाल पीड़ितों के लिए मुआवजा और मानसिक रूप से दिव्यांग पीड़ितों के विधिक सेवा योजना के बारे में जानकारी दी गई और इनसे संबंधित पत्रकों का वितरण किया गया। गोपालपुरा की प्रशासक सविता राठी, उप सरपंच गणपत दास स्वामी, दिनेश पीपलवा, विजय खेतान आदि मौजूद रहे।

## महिला मंडल की बैठक में दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर के वार्ड संख्या 34 स्थित हरिदास बाबा मंदिर के प्रांगण में एक्सईएन आरडी गर्ग के निर्देशन व अनिता महर्षि की अध्यक्षता में गुरुवार को महिला मंडल की बैठक आयोजित की गई। जयपुर कैंप से उपस्थित हुए मनोज श्रीवास्वत ने बताया कि शहर में ड्रेनेज व सीवरेज परियोजना का कार्य चल रहा है। ड्रेनेज परियोजना से बरसात में होने वाले जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। आरयूआईडीपी की ओर से निशुल्क घरेलू सीवरेज कनेक्शन करने का कार्य चल रहा है। उपभोक्ताओं को चाहिए कि वे अपने घर के स्नानघर, रसोई व शौचालयों के नालों पर जाली अवश्य लगाए, ताकि कचरा सीवरेज लाइन में नहीं जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी उपभोक्ता सीवरेज कनेक्शन से वंचित न रहे। बैठक में परियोजना की कविता स्वामी, काजल सांखला, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रंजना, सहायिका सुमन सहित काफी महिलाएं उपस्थित रही।

# सच्चे संतों का साथ तो भगवान से मिलन निश्चित : मोनिका



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के वार्ड नं 5 टांटिया अस्पताल के पीछे सांखला परिवार की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में गुरुवार को यजमान रामेश्वर लाल, केसरमल सांखला, नन्दलाल, हेमराज, कमल माली ने व्यासपीठ की पूजा की। कथा के दूसरे दिन कथा वाचक मोनिका पारीक ने कहा कि जिस व्यक्ति को सच्चे संतों का साथ मिल जाता है, उसका भगवान से मिलन भी निश्चित हो जाता है। व्यक्ति को हमेशा सरल व सहज होना चाहिए। माता-पिता, संत, गुरु व अपने से बड़ों का हमेशा सम्मान करना चाहिए। पारीक ने कहा कि इस लीला का सार यह कि जब कोई मनुष्य भगवान को शुद्ध हृदय से स्मरण करता है तो श्रीकृष्ण प्रेम व करुणा से जीव का कल्याण करते हैं। इस अवसर पर शिक्षक घनश्याम लाल शर्मा, पार्षद ललित माली, महेंद्र माली, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी, रामनिवास माली, फुसराज गोड़, प्रकाश सांखला, सुनील, बजरंगलाल खंडेलिया, मूलचंद टाक, नंदकिशोर महावर, रामजी गहलोत, श्रवण, लक्ष्मीनारायण टाक, मांगीलाल जांगिड़, महाराज संजयनंद, चनणाराम, कालूराम सांखला, मदनलाल भोभरिया आदि उपस्थित रहे।

# सीसीआई के शर्मा बने प्रदेश उपाध्यक्ष





जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** सीसीआई के प्रधान कार्यालय से नियुक्ति जारी संरक्षक माणक चन्द भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि सीसीआई के चेयरमैन डॉ अनन्त शर्मा के निर्देशानुसार राष्ट्रीय अध्यक्षा प्रीति पंड्या व प्रदेश अध्यक्षा ज्योति गोड़ की ओर से राजस्थान प्रदेश की कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। जिसमें कुलदीप शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष व भरत गौड़ को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी की घोषणा होते ही चुरू ईकाई में खुशी की लहर दौड़ गई। सरदारशहर इकाई की ओर से मिठाई खिलाकर दोनों को बधाई प्रेषित कर अभिवादन किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने कहा कि सीसीआई संगठन प्रदेश भर में दिन प्रतिदिन एक वट वृक्ष बनता जा रहा है। प्रदेशवासियों की समस्या के निवारण के लिए हर संभव प्रयास किए जाएगे। प्रदेश सचिव भरत गौड़ ने बताया सीसीआई साइबर अपराध की रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। आगामी महीनों में एक विशाल आयोजन भी सायबर अपराध की रोकथाम हेतु विचारणीय है। इस अवसर पर सीसीआई के संरक्षक एडवोकेट मनोज पारीक, अभिषेक पारीक, एडवोकेट अश्विनी शर्मा, कमलकांत शर्मा, एडवोकेट संदीप भोजक, नरेश भाटी, निर्मल सोनी, सिद्धांत बरड़िया, नन्दलाल प्रजापत, श्यामलाल सैनी, अशोक पारीक, सुरेश लाटा, मुकेश शर्मा, रविश सुथार, रफीक सैयद सहित अनेक गणमान्य लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित कर बधाई दी हैं।

# एसबीआई सहजूसर में मृतक आश्रितों को सौंपे दो लाख के चेक



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम सहजूसर में भारतीय स्टेट बैंक शाखा परिसर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत शाखा प्रबंधक दिनेश तंवर व नरपत सिंह राठौड़ ने गुरुवार को मृतक आश्रितों को 2-2 लाख रुपये के चेक प्रदान किए। शाखा प्रबंधक दिनेश तंवर ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत सहजूसर शाखा के खाता धारक हीरालाल शर्मा की सामान्य मृत्यु होने पर उनके आश्रित जगदीश प्रसाद शर्मा और झारिया के मृतक मोहम्मद साजिद के आश्रित कलसुम बानो को दो-दो लाख रूपये के चैक प्रदान किए गए। शाखा प्रबंधक ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में खाता खुलाने पर प्रधानमंत्री सड़क सुरक्षा बीमा योजना में प्रत्येक खाता धारक को 20 रूपये वार्षिक व प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 436 रूपये वार्षिक जमा कराने पर प्रत्येक खाता धारक को इस बीमा क्लेम का लाभ मिलता है। इसमें सामान्य मृत्यु के अंतर्गत भी 2 लाख तक के बीमा क्लेम का प्रावधान है। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय के प्रबंधक राजकुमार इंदौरिया, राजेश धूत, पंकज कुमार वर्मा, सुनील बुरड़क, सफीक कुरैशी, सरपंच शिवराम गोदारा, पूर्व सरपंच शिशुपाल गोदारा, लिखमीचंद, लतीफ, पोकर, विकास, हजारी शर्मा, अजीज अली गार्ड सहित ग्रामीण व मृतक के परिजन उपस्थित रहे।

# मंगलकामना समारोह आयोजित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** भगवानदास तोदी महाविद्यालय में बुधवार को वाणिज्य संकाय के छात्र- छात्राओं के लिए मंगलकामना समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत ने इस अवसर पर वाणिज्य संकाय तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की परीक्षा के लिए शुभकामना दी गई। कार्यक्रम में बी.कॉम प्रथम और बी.कॉम द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र मोहम्मद कैफ भाटी मिस्टर फेयरवेल और कृतिका पुजारी को मिस फेयरवेल के किताब से नवाजा गया। सचिव आशकरण शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. एन . एस. नाथावत ने अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं को सरल जीवन व्यतीत करने और चुनौतियां का सामना करते हुए आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एक छात्र शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से व्यक्तिगत जीवन को सफल तरीके से व्यतीत कर सकते हैं। समारोह में महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय प्रभारी महेश कुमार अग्रवाल और विज्ञान संकाय प्रभारी डॉ. आनन्द शर्मा सहित अन्य समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थिति रहे।

## पहलगाम आतंकी हमले में मृतकों को सर्व समाज ने दी श्रद्धांजलि



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** जम्मू कश्मीर पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियो की ओर से हमला करते हुए 28 निर्दोष पर्यटको को गोली मारकर की गई निर्मम हत्या को लेकर लोगो में रोष व्याप्त है। राजस्थान ब्राह्मण महासभा की अगुवाई में सर्व समाज के लोगो ने मंगलवार को होटल हैरिटेज परिसर में आतंकवादी हमले में मारे गए मृतको को शोक सभा आयोजित कर श्रद्वाजंलि देते हुए दो मिनट का मौन भी रखा गया। इस निर्मम हत्याकांड के कारण पुरे देश के लोगो में रोष ओर दुःख है। राजस्थान महासभा के जिलाध्यक्ष अरविंद पारीक ने इस घटना की भर्त्सना करते हुए कहा कि ये निंदनीय जिसका पुरजोर विरोध किया जा रहा है। इस अवसर पर मधु सुदन खेमाणी, किशोर सिंह शेखावत, सुभाष बावलिया, संदीप शर्मा, मदन ढ़ाका, सजन शर्मा दिनवावाले, आलोक शर्मा, नमन शर्मा, रवि बारी, भवानी सिंह, विजय सिंह सहित अनेक लोगो ने हिस्सा लेते हुए हमले में मारे गए सभी मृतकों को श्रद्वाजंलि अर्पित की।

## पहलगाम में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू/बड़ागांव(निस)।** गोमती देवी शिक्षण संस्थान बड़गांव में पहलगाम के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में गिरधारी लाल शर्मा एडिशनल एसपी नीमकाथाना ने शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और आतंकियों के कायराना हमले की निंदा की। महाविद्यालय निदेशक सी. एल.शर्मा ने आतंक को मानव जाति के लिए कलंक बताया। प्राचार्य डॉ.एस. के सेवका ने विश्व शांति की कामना के लिए आतंकवाद को जड़ से खत्म करने की आवश्यकता पर बल दिया। श्रद्धांजलि सभा में महाविद्यालय के प्राध्यापक राकेश शर्मा, समाजसेवी आजाद सिंह उमा, राजेश कुमार,नवीन कुमार, हवा सिंह मेघा. कुसुमलता, कीर्ति शर्मा व महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## पहलगाम हमले का जताया विरोध



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में किए गए हमले के विरोध में गीगजी चौक पर बुधवार की रात मोहल्ले के लोगों ने नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश जताया और कैंडल जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। नाम व धर्म पूछकर किए गए कत्लेआम के खिलाफ लोगों ने आक्रोश जताते हुए आतंकवाद को खत्म करने की मांग की है। पार्षद नंदकिशोर भार्गव व अजय सारस्वत ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में घूमने गए पर्यटकों से नाम पूछकर उनकी हत्या करना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस कायराना हमले में मारे गए मृतकों के लिए दो मिनट का मौन रखकर और कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद अमरचंद माली, ललित चारण, लोकेश पारीक, दीनदयाल हरितवाल, राजकुमार चौधरी, जगदीश प्रजापत, जीतेंद्र बबेरवाल, शंभुदयाल सारस्वत, ललित आत्रेय, भगवतीप्रसाद चोटिया, प्रमोद सिंवाल, राजकुमार प्रजापत सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## सलीम खान बने जिला उपाध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के विधि मानवाधिकार व आर टी आई प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष पद पर वार्ड न 12 के पार्षद एडवोकेट सलीम खान गाजी को नियुक्त किया गया है। प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एडवोकेट सद्दाम खान ने यह नियुक्ति प्रदान की है। एडवोकेट सलीम खान गाजी की नियुक्ति पर आरिफ खान, उस्मान खान, एड असलम खान, बिलाल खान, एड इमरान टांक, एडवोकेट आसिफ टाक, आदिल खान सहित नूर नगर वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने भी खुशी जाहिर की है।

## खाद्य सुरक्षा योजना में अनियमितताओं की शिकायत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगरपरिषद क्षेत्र के दो पार्षदों सहित आधा दर्जन लोगों ने उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंप कर राजस्थान खाद्य सुरक्षा योजना में हो रही अनियमितताओं की शिकायत की है। ज्ञापन में बताया गया है कि राजस्थान खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पटवारी, बीएलओ और जमादार से सत्यापन करवाने के लिए आम जनता दर-दर भटक रहा है। ज्ञापन में संबंधितों की ओर से आमजन को फटकार लगाने व अमानवीय व्यवहार करने और योग्यजनों के दस्तावेजों पर समय पर हस्ताक्षर नहीं करने का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में कमेटी का गठन कर समस्या का समाधान करवाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षद एड. सलीम खान गाजी, पार्षद लियाकत खान, पार्षद इस्माइल खान, आरिफ खान, उस्मान खान, एड. असलम खान, बिलाल खान, एड. इमरान टाक, एड. आसिफ टाक, आदिल खान मौजूद रहे।

## ममता पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट में लगाए परिंडे



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय बिसाऊ रोड़ स्थित ममता पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट चूरू में गुरुवार को छात्र-छात्राओं ने पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। कॉलेज निदेशक संजीव ढूकिया ने छात्र-छात्राओं को अपने घरों में भी परिंडे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मनेजमेंट प्रभारी महेंद्र ढूकिया व.लि. शाहरूक चौहान, मरुधर इंस्टिट्यूट फार्मेसी के प्रधानाचार्य गोवर्धन पूनिया, व्याख्याता सुचित्रा, जीतेन्द्र महला, मो. फ़याज़, रहमान, इमरान, अरसद व मोनिका मौजूद रहे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
25 अप्रेल, 2025

## पहलगाम हमले की कड़ी निंदा



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के सर्व समाज के लोगों ने कस्बे के शहीद भगतसिँह चौक पर जम्मू -कश्मीर के पहलगाम में हुए आंतकी हमले की शोक सभा कर कड़े शब्दों में निंदा की और आंतकियों के खिलाफ भारत सरकार से कठोर कार्यवाही की मांग की। समाज के लोगों ने इस दुःखद घटना पर शोक व्यक्त किया। लोगों ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। आक्रोशित लोगों ने पाकिस्तान, आंतकवाद मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए। हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शान्ति व शोक संतप्त परिजनों को संबल के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर शिक्षक नेता वीर बहादुर सिँह राठौड़, धर्मेन्द्र शर्मा, शिव कुमार शर्मा, देवकरण, प्रमोद, विक्की, सुरेन्द्र, लक्ष्मण, गोविन्द, राकेश, हेमंत, पवन, सुमित, अजीत सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## 144 किलोग्राम डोडा पोस्त के साथ ट्रक जब्त, आरोपी गिरफ्तार




जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर उप पुलिस अधीक्षक रोहित सांखला के सुपरविजन में तारानगर थानाधिकारी गौरव खिड़िया व उनकी टीम जिसमें काँस्टेबल ओमप्रकाश, दौलतराम, बलवान, चालक अजीतसिँह आदि ने नशा खोरी के खिलाफ विशेष अभियान ऑपरेशन फ्लश आउट के तहत कार्यवाई करते हुए लुधियाना (पंजाब) के रोहला निवासी सुखविन्द्र आरोपी के ट्रक से चुना पाउडर के कट्टों के बीच 8 कट्टों में कुल 144 किलोग्राम अवैध मादक डोडा पोस्त जब्त कर बड़ी कार्रवाई की है। एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच भालेरी थानाधिकारी कर रहे है।

## दंपति ने किया जरूरतमंदो के लिए रक्तदान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार की प्रेरणा से जीतेन्द्र प्रजापत ने अपनी धर्मपत्नी प्रियंका के साथ ब्लड बैंक पहुंच कर अनजान जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान किया। उन्होंने अपना रक्तदान अपने छोटे भाई लखन की स्मृति मे श्रद्धांजलि स्वरूप समर्पित किया। स्वर्णकार की प्रेरणा से बडाबर निवासी रामनिवास जांगिड़ ने भी अपनी धर्मपत्नी माया के साथ रक्तदान किया। ज्ञात रहे कि सुजानगढ़ और उसके आसपास के एरिया के लोग स्वर्णकार से प्रेरित होकर स्वेच्छा से रक्तदान करते है।

## एडीजे ने की राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत से पहले तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एडीजे महेन्द्र प्रताप भाटी ने राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में एडीजे ने राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व प्रकरणों का अधिक से अधिक निस्तारण करने के संबंध में चर्चा की। एडीजे ने बैठक में राजस्व अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकारों के साथ प्री कांउसलिंग के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण करने के प्रयास के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा, तहसीलदार राजू देवी बुनकर मौजूद रहे।

# विभिन्न मांगों को लेकर धरना जारी, वार्ता में नहीं बनी सहमति




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के गांधी चौक पर आरएलपी कार्यकर्ताओं व चीता सेना के कार्यकर्ताओं का विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन धरना गांधी चौक पर जारी है। तहसीलदार व नायब तहसीलदार के साथ हुई वार्ता में सहमति नहीं बनने पर दोनों संगठनों की ओर से बड़े आंदोलन की चेतावनी दी गई है। आरएलपी के नेता राकेश चौधरी ने बताया कि 9 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना तहसील कार्यालय के आगे दिया जा रहा है। तहसीलदार व नायब तहसीलदार की ओर से हमें चार दिनों में हमारी मांगों को मानने का आश्वासन दिया था कि चार दिनों बाद आपकी मांगे मान ली जाएगी। लेकिन गुरुवार को तहसीलदार व नायब तहसीलदार की ओर से हमें वार्ता के लिए बुलाया गया। जिस पर वार्ता में 9 सूत्रीय मांगों पर एक मांगों पर सहमति बनी है। लेकिन अन्य जो मांगे हैं उन पर वार्ता में कोई सहमति नहीं बनने पर हमारा अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। अगर हमारी मांगों पर संज्ञान नहीं लिया जाता है तो तहसील कार्यालय के तालाबंदी कर मेगा हाईवे पर जाम लगाकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। किसान नेता रूपचंद सारण ने बताया कि हमारे गांव राजास में बीमा क्लेम, पानी की समस्या, बिजली की समस्या, शहर में ट्रैफिक व्यवस्था की समस्या को लेकर 9 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया जा रहा हैं। लेकिन प्रशासन की ओर से इन पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। जिस पर बड़े आंदोलन की रणनीति बनाकर प्रशासन के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। धरने पर आरएलपी कार्यकर्ता व चीता सेना के कार्यकर्ताओं के साथ राकेश चौधरी, सांवरमल जाखड़, रूपचंद सारण, जगदीश धन्नावंशी, ओमकार बाली, शंकरलाल कड़वासरा, बाबुलाल सारण, रामकरण सारण, गंगाराम, नौरंगलाल नायक, दयानन्द भादू, राजकुमार सारण, रामकुमार सहित अनेक कार्यकर्ता समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं।

## सात दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम एफडीपी का समापन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के आईएएसई यूनिवर्सिटी के भूगोल विभाग की ओर से आयोजित सात दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डिवेलपमेंट प्रोग्राम एफडीपी का समापन सत्र गुरूवार को पीडीसी हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो ओपी जांगिड़ ने की। एफडीपी के संयोजक डॉ धर्मेन्द्र सिंह सह आचार्य ने कार्यक्रम में संदर्भ व्यक्ति के रूप में ऑनलाइन उपस्थित प्रो राजाराम चोयल अधिष्ठाता विज्ञान संकाय महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर, प्रो एमएम शेख लोहिया महाविद्यालय चूरू तथा सदन में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा पूरे कार्यक्रम की रिपोर्ट सदन में प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि इस सात दिवसीय ऑनलाइन एफडीपी में देशभर से 20 से अधिक राज्यों के 52 विश्वविद्यालयों के 127 प्रतिभागियों ने भाग लिया और 14 तकनीकी सत्र आयोजित हुए। जिनमें प्रमुख विषयों में जलवायु परिवर्तन, सतत विकास, आधुनिक जीआईएस तकनीक, पर्यावरणीय चुनौतियां और भू-स्थानिक विश्लेषण शामिल रहे। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को शोध लेखन, डेटा विश्लेषण, केस स्टडी विधि, और नवाचार-आधारित शिक्षण तकनीकों से अवगत कराया। इस अवसर पर डॉ पूराराम मेघवाल, डॉ शिवम चतुर्वेदी सहित सभी संकाय सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ कैलाश पारीक अधिष्ठाता कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ उमा सैनी ने किया।

## आतंकी हमले पर जताया आक्रोश, दो मिनट का मौन रखकर दी मृतकों को श्रद्धांजलि



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के ताल मैदान स्थित राजकीय उपजिला अस्पताल में अस्पताल के समस्त सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान राजकीय अस्पताल के प्रभारी डॉ चंद्रभान जांगिड़ ने बताया कि हमले में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें दो मिनट का मौन रखकर हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि दी हैं। पूरा अस्पताल प्रशासन शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी पूरी संवेदना प्रकट करता हैं। यह कायराना हमला केवल निर्दोष लोगों पर नहीं, बल्कि हमारे देश की संस्कृति, शांति और मानवता के मूल्यों पर भी हमला है। आतंकवादियों की जम्मू-कश्मीर को अशांत करने की कोशिशें कभी सफल नहीं होंगी। हमें उम्मीद हैं कि भारत सरकार इस कृत्य का मुंहतोड़ जवाब देगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग जिले के पहलगाम हिल स्टेशन पर मंगलवार को आतंकियों ने हमला किया था। हमले में कई पर्यटकों की मौत हो गई और कई पर्यटक घायल हो गए। पूरे विश्व ने इस हमले की निंदा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस पर नजर बनाए हुए हैं। इस दौरान डॉ चंद्रभान जागीड़, डॉ निर्मल पारीक, डॉ प्रवेश सोनी, डॉ पवन शर्मा, डॉ किशन सिहाग, डॉ संदीप बिजारणियां, डॉ संदीप चाहर, कानाराम सारण, कुंदन सिंह, जय प्रकाश, दीपक पांडिया, बुलाकी शर्मा, मयंक मोदी, सुमित महर्षि, प्रियंका, सुनीता, मुमताज, विनोद कंवर, शारदा गोदारा, सुनीता पुनियां, प्रिंयका, मोहित सोनी सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## कुंड में डूबने से 10 वर्षीय बालक की मौत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पानी निकालने के दौरान पैर फिसलने से कुंड में डूबने से दस वर्षीय बालक की मौत हो गई। सदर थाने के हैड कांस्टेबल जगदीश प्रसाद ने बताया कि शारदा पत्नी सोहनराम जाट ने निवासी बाड़ा ने रिपोर्ट दी कि गुरूवार दोपहर 12 बजे मैं घर का काम कर रही थी। तभी भैरा पुत्र महिपाल उम्र 10 वर्ष स्कूल से आया। मैने उसे कुंड से पानी निकालने के लिए कहा तो वह पानी निकालने लगा। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह कुंड में गिर गया। जिस पर मैने हल्ला किया तो आस-पड़ौस के लोग आये और उसे कुंड से बाहर निकाल कर लाडनूं के सरकारी अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने लाडनूं अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

## जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से करें आमजन को टीबी रोग के प्रति जागरूक

### एनटीईपी कार्यक्रम की समीक्षा बैठक



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ(निस)।** चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत रिव्यू बैठक का आयोजन जिला क्षय निवारण केन्द्र रतनगढ़ में डब्ल्यूएचओ कन्सलेटन्ट जयपुर डॉ. विवेक मिश्रा, डॉ. सुद्वांशु खत्री व डॉ. मुकेश जांगिड़ की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में समीक्षा करते हुए लक्ष्य अनरूप नोटिफिकेशन, उपचारित क्षय रोगियों की यूडीएसटी जांच, एचआईवी, मधुमेह, कान्टेक्ट ट्रैसिंग, बैंक डिटेल्स, नियमित फॉलोअप आदि सूचनाओं को सम्पादित करते हुए पोर्टल पर अपडेट करवाने पर चर्चा की गई। आईइसी गतिविधियों पर चर्चा करते हुए समुदाय बैठक, पीआरआई बैठक, आदि गतिविधियों का आयोजन कर आमजन को टीबी रोग के प्रति जागरूक करना सुनिश्चित निजी क्षेत्र में नोटिफिकेशन की समीक्षा कर लक्ष्य अनुरूप उपलब्धि अर्जित करने के लिए कहा गया। साथ ही पीपीआईएस योजना के तहत निजी चिकित्सक व चिकित्सालय की भागीदारी बढ़ाने व निजी क्षेत्र में उपचारित क्षय रोगीयों की सूचनाओं को निक्षय पोर्टल पर अपडेट करवाने व प्रोत्साहन राशि की प्रक्रिया करने व सभी निजी उपचारित क्षय रोगियों की एचआईवी, शुगर जांच, बैंक खाता संख्या शत प्रतिशत करवाने के लिए निर्देशित किया गया। निजी क्षेत्र में उपचारित क्षय रोगी की सूचना आवश्यक रूप से निक्षय पोर्टल पर इन्द्राज की जावें सूचना नही देने वाले हॉस्पिटल/ चिकित्सकों की सूची तैयार किये जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में जिला क्षय निवारण केन्द्र रतनगढ़ के कर्मचारी व समस्त एसटीएस/एसटीएलएस व अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

## ओवरलोड वाहनों के खिलाफ की कार्रवाई



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** परिवहन विभाग ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 27 वाहनों को जप्त किया है। जिला परिवहन अधिकारी बजरंग लाल ने बताया कि जयपुर व सीकर तथा स्थानीय अधिकारियों की नौ टीमों ने कार्यवाही करते हुए ईंट, पत्थर, बजरी आदि निर्माण सामग्री से ओवर लोड 27 ट्रैलर एवं डंफर को जप्त किया है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि मार्च में तीन सौ गाडियों पर कार्यवाही की गई थी। डीटीओ ने कहा कि ओवर लोड, ओवर वेट, ओवर हाइट वाले वाहनों पर कार्यवाही जारी रहेगी। ज्ञात रहे कि क्षेत्र के लोढ़सर, गोपालपुरा, बालेरां आदि में अनेक क्रेशर लगे हुए हैं, जिनसे ओवर लोड निर्माण सामग्री के साथ अनेक डंफर, ट्रैलर व ट्रक परिवहन करते हैं। वहीं चारा लेकर आने वाली पिक-अप गाडियां भी ओवर वेट के साथ बैखोफ हो कर सडक़ों पर दौड़ रही है। जिनसे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं ये वाहन हादसों के कारण भी बनते है।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पंचायत समिति सभागार में प्रधान मनभरी देवी मेघवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। प्रधान मनभरी देवी मेघवाल, विकास अधिकारी रविकुमार ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान गोपालपुरा सरपंच सविता राठी ने पंचायती राज, नारी सशक्तिकरण, पौधारोपण, जल संचय आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अतिरिक्त विकास अधिकारी मुकेश यादव ने पंचायती राज के अधिकारों के संबंध में जानकारी दी। विकास अधिकारी रवि कुमार ने पंचायती राज की स्थापना के बारे में बताया। जिला परिषद सदस्य नौरंग सीलू, सरपंच संघ अध्यक्ष गिरधारीलाल कांटीवाल, लेखाधिकारी श्रेणीदान चारण, संपत सैन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व ग्राम पंचायतों के प्रशासक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद जांगिड़ व रामानन्द फलवाडिया ने किया। कार्यक्रम की रूपरेखा भंवरलाल सिहाग ने तैयार की। कार्यक्रम के बाद पक्षियों के लिए परिंडे भी लगाए गए।

## भागवत कथा व नानी बाई के मायरे की तैयारियां जारी

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव नैयासर में 25 अप्रैल से 1 मई तक गौ सेवार्थ श्रीमद् भागवत कथा व नानी बाई के मायरे का आयोजन श्री कृष्ण परनामी गौ सेवा समिति के बैनर तले नन्दराम चाहर व ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। कथा वाचक संत शंकरदास जी महाराज के मुखारविन्द से कथा वाचन किया जाएगा। कथा का समय दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक व नानी बाई का मायरा रात्रि 8 बजे 10 बजे तक होगा। कलश यात्रा 25 अप्रैल को प्रातः 8-15 बजे ठाकुरजी मन्दिर से प्रारंभ होकर श्रीकृष्ण परनामी गो सेवा समिति कथा स्थल तक जाएगी।

## शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ(निस)।** शहर में गत दिनों शिवमहापुराण कथा के दौरान पत्रकारों की ओर से शिवमहापुराण कथा पर प्रकाशित समाचार पर स्थानीय निवासी गोविंद सैनी की ओर से स्थानीय पत्रकारों के विरुद्ध सोशल मीडिया पर अशोभनीय टिप्पणी की गई थी। जिसके विरुद्ध पत्रकार संघ के अध्यक्ष नवरतन प्रजापत के नेतृत्व में पत्रकारों ने पुलिस थाने में आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की लिखित शिकायत की थी। पुलिस ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए गोविंद सैनी को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है।

## हरियालो राजस्थान के तहत पंचायत समिति में पौधरोपण

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** पंचायत समिति परिसर में गुरुवार को पंचायत राज दिवस पर हरियालो राजस्थान एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत प्रधान संतोष मेघवाल, विकास अधिकारी राजूराम की ओर से पौधरोपण किया गया व पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। विकास अधिकारी ने सभी कार्मिकों को अभियान के तहत एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी, अरुण तिवारी, सहायक विकास अधिकारी हंसराज मीणा, अशोक कुमार गुसाइवाल, शिवदयाल रैगर, नेमीचंद आदि उपस्थित रहे।



राजस्थान जयपुर टाइम्स
जयपुर, शुक्रवार
25 अप्रेल, 2025

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रतिबद्धता - हर वर्ग का हो कल्याण, मूलभूत सुविधाओं से कोई वंचित न रहे

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के हर व्यक्ति- हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। शर्मा की प्रतिबद्धता है कि प्रदेश में कोई भी नागरिक मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। इसी क्रम में प्रदेश सरकार ने विमुक्त, घूमन्तू व अर्द्धघूमन्तू समुदाय के शैक्षणिक, आर्थिक व सामाजिक सशक्तीकरण के लिए दादूदयाल घूमन्तू सशक्तीकरण योजना लागू की है। प्रदेश की भजनलाल सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक को पर्याप्त शिक्षा, आवास व प्रोत्साहन मिले। सरकार समाज के वंचित व पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए संकल्पित प्रयास कर रही है। प्रदेश में वर्तमान में 09 विमुक्त जातियां, 10 घूमन्तू जातियां व 13 अर्द्धघूमंतू जातियां है। राज्य में निवासरत इन विमुक्त, घूमन्तू व अर्द्धघूमन्तू समुदाय के सशक्तीकरण व उत्थान के लिए राज्य सरकार की ओर से दादूदयाल घूमन्तू सशक्तीकरण योजना-2025 के संचालन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।



## यह रहेगी योजना अंतर्गत पात्रता

योजना अंतर्गत पात्रता के लिए आवेदक का राजस्थान राज्य का मूल निवासी होना, आवेदक राज्य सरकार की ओर से जारी विमुक्त, घुमन्तू व अर्द्धघूमन्तू जातियों की सूची में सम्मिलित होना, आवेदक के पास विमुक्त, घूमन्तू व अर्द्धघूमन्तू पहचान प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।

## यह रहेंगे योजना के घटक

योजना अंतर्गत विमुक्त, घूमन्तू व अर्द्धघूमन्तू आवासीय विद्यालय, विमुक्त, घूमन्तू व अर्द्धघूमन्तू छात्रावास, विमुक्त, घूमन्तू एवं अर्द्धघूमन्तू शोध व संरक्षण केंद्र जैसलमेर, विमुक्त, घूमन्तू व अर्द्धघूमन्तू साइकिल वितरण योजना, विमुक्त, घूमन्तू व अर्द्धघूमन्तू छात्रा स्कूटी वितरण योजना, विमुक्त, घूमन्तू व अर्द्धघूमन्तू उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, विमुक्त, घूमन्तू व अर्द्धघूमन्तू पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री घूमन्तू आवास योजना, विमुक्त, घूमन्तू व अर्द्धघूमन्तू जातियों के बच्चों को नवजीवन योजनान्तर्गत प्रतिष्ठित विद्यालयों में शिक्षा की व्यवस्था करना आदि प्रभावी घटक रहेंगे। इन घटकों के क्रियान्वयन में विमुक्त, घूमन्तू व अर्द्धघूमन्तू जाति/ समुदायों के विद्यार्थियों के लिए आवासीय विद्यालय का निर्माण, उपकरण व आधारभूत संरचना विकसित करना और विमुक्त, घूमन्तू व अर्द्धघूमन्तू समुदायों के विद्यार्थियों के लिए छात्रावासों का निर्माण, उपकरण व आधारभूत संरचना विकसित किया जाएगा। इसी के साथ विमुक्त, घूमन्तू व अर्द्धघूमन्तू जाति/ समुदायों के विद्यार्थियों के लिए साईकिल वितरण योजना, छात्रा स्कूटी वितरण योजना का संचालन किया जाएगा और समुदाय के बच्चों को शैक्षणिक विकास के लिए विभाग की ओर से पूर्व से ही डॉ अम्बेडकर पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप फॉर डीएनटी स्टूडेंट्स, डॉ अम्बेडकर प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप फॉर डीएनटी स्टूडेंट्स का संचालन किया जा रहा है। पूर्व में संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं से पात्र विद्यार्थियों को जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसी क्रम में विमुक्त, घूमन्तू व अर्द्धघूमन्तू समुदाय की विषम परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार की ओर से पूर्व में ही मुख्यमंत्री घूमन्तू आवास योजना लागू कर दी गई है। योजना के उद्देश्य अंतर्गत राज्य के विमुक्त, घूमन्तू व अर्द्धघूमन्तू समुदाय के जिन व्यक्तियों के पास पक्के मकान नहीं है, उनको मूलभूत सुविधाओं सहित पक्के निर्माण के लिए सहायता राशि उपलब्ध करवा कर स्थायी रूप से बसा कर उनक पुनर्वास किया जाएगा। विमुक्त, घूमन्तू व अर्द्धघूमन्तू जातियों के बच्चों को नवजीवन योजनान्तर्गत प्रतिष्ठित विद्यालयों में शिक्षा की व्यवस्था करते हुए शिक्षा के अधिकार के अधिनियम के अन्तर्गत प्रवेशित 25 प्रतिशत विद्यार्थियों को नि:शुल्क प्रवेश देने के पश्चात प्रवेश से शेष/ वंचित रहे नवजीवन योजना के अन्तर्गत पात्र परिवारों के विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाया जाकर इन छात्रों के अध्ययन के लिए शिक्षा विभाग की ओर से शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अन्तर्गत अनुज्ञेय राशि के अनुसार राशि का पुनर्भरण नवजीवन योजनान्तर्गत किया जाएगा। विमुक्त, घूमन्तू व अर्द्धघूमन्तू शोध व संरक्षण केंद्र, जैसलमेर राज्य सरकार की ओर से डीटीएनटी समुदाय के कला व संस्कृति को संर्वद्धन व संरक्षण के लिए जैसलमेर जिले में 5 करोड रुपए की लागत से डीएनटी रिसर्च एंड प्रिजर्वेशन सेंटर के भवन का निर्माण किया गया है। सेंटर में विमुक्त, घूमन्तू व अर्द्धघूमन्तू जातियों से संबंधित वस्तुओं, आभूषणों, वस्त्रों, साहित्य, वाद्ययंत्रों आदि के संग्रहालय की स्थापना की जाएगी। इस केंद्र में विमुक्त, घूमन्तू व अर्द्धघूमन्तू समुदायों की कला, संस्कृति सम्बन्धित साहित्य अध्ययन केंद्र/ पुस्तकालय की स्थापना की जायेगी, जिसका उद्देश्य इन समुदायों की कला, शिल्प, साहित्य एवं अन्य सांस्कृतिक परंपराओं की रक्षा, संरक्षण और प्रचार करना है।

# पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने की पहलगांव हमले की निंदा

### पहलगांव का हमला कायरतापूर्ण हमला- राठौड़



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में गुस्से का माहौल है। वहीं सरदारशहर आए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने पहलगांव हमले की निंदा करते हुए इस आतंकवादी हमले को कायरतापूर्ण हमला बताया। राठौड़ ने कहा कि  निहत्थे और बेसहारा पर्यटकों पर आतंकियों की ओर से कायराना तरीके से हमला करने की घटना की चौतरफा आलोचना हो रही है। राठौड़ ने कहा कि इस हमले का भुगतान आतंकवादियों को करना पड़ेगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंधु जल समझौते को समाप्त कर पाकिस्तान को सबक सिखाया हैं। इस दौरान बीजेपी नेता राठौड़ ने कहा मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना है। इस दुख की घड़ी में देश का हर नागरिक इन परिवारों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पूरी घटना को लेकर लगातार बैठक कर रहे हैं। इससे पहले भी जो घटना हुई उनका मुंहतोड़ जवाब भारत ने दिया गया था। इस बार भी जो यह कायराना हरकत हुई है इसका जवाब दिया जाएगा। किसी भी आतंकी घटना को इस तरह से बर्दाशत नहीं किया जा सकता।

# आतंकवाद का पुतला जलाकर किया विरोध प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से गुरुवार को आतंकवाद के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन कर पुतला जलाया गया। परिषद के कार्यकर्ता नए बस स्टैंड से नारेबाजी करते हुए पुराना बस स्टैंड के मुख्य चौराहे पर पहुंचे जहाँ पर आतंकवाद का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान नगर मंत्री पुनीत सैन ने कहा कि सरकार को आतंकवाद के विरुद्ध कठोर कदम उठाने चाहिए ताकि देश की एकता और अखंडता बनी रहे। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जय सिंह राठौड़ ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केंद्र सरकार से मांग करता है कि हमले में संलिप्त आतंकियों और उनके स्थानीय सहयोगियों की पहचान कर कठोरतम दंड सुनिश्चित किया जाए। विरोध प्रदर्शन में विहिप जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह राजपुरोहित, बजरंग दल संयोजक धनराज सेन, गोविंद खंडेलवाल, दीपेंद्र सिंह, रोनक, हर्ष, लालसिंह, विकास , बसंत, करण, चिराग श्रीकिशन तेजस्वी, जतिन नामदेव आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों का किया सम्मान




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला प्रमुख वंदना आर्य ने गुरुवार को जिला परिषद सभागार में राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर जिला प्रमुख आर्य ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को बधाई देते हुए कहा कि पंचायतीराज कर्मचारी व जनप्रतिनिधि आपसी समन्वय से एक दूसरे का सहयोग करते हुए ग्रामीण विकास की दिशा में नए आयाम स्थापित करें। उन्होंने कहा कि देश की आत्मा गांवों में निवास करती है। हम सभी ग्रामीण विकास पर फोकस करें और बेहतरीन सुविधाओं व सेवाओं का संचालन करें।  उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने पर दांदू सरपंच भंवरी देवी, अजीतसर सरपंच भंवर कंवर व भानुदा सरपंच गुलाराम को सम्मानित किया। इस दौरान एसीईओ दुर्गा ढाका, लेखाधिकारी चैनाराम बेनीवाल, अधिशाषी अभियंता मानसिंह, अधिशाषी अभियंता हरिराम, सहायक विकास अधिकारी प्रेमसिंह चौहान, धनराज चौहान, रामस्वरूप सिहाग सहित कार्मिक उपस्थित रहे। संचालन सुभाष चन्द्र मीना ने किया।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने खाद्य सामग्री के 8 नमूने लिए

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार 'शुद्ध आहार - मिलावट पर वार' अभियान के तहत चिकित्सा विभाग की ओर से मिलावट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज शर्मा के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी की ओर से बीदासर में राधिका आईसक्रीम से आईसक्रीम के 3 नमूने, बीएल बेवरेजेज सांडवा से पैकेजिंग ड्रिंक्स के 2 नमूने, सालासर बालाजी डेयरी उद्योग, बम्बू से मिक्स दूध व हारे का सहारा फूड एंड डेयरी प्रोडक्ट्स, गोपालपुरा से पनीर व दूध का नमूना लेकर प्रयोगशाला जयपुर भिजवाए गए हैं। जांच रिपोर्ट में खाद्य पदार्थ अमानक पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि दूध व दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ व मिठाईयां तैयार करने वाले दुकानदारों को साफ - सफाई रखने व गुणवत्तायुक्त खाद्य समग्री को काम में लेने के लिए पाबंद किया।

# आतंकवादी हमले के विरोध में चूरू में प्रदर्शन, नारेबाजी कर जताया आक्रोश



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में किए गए हमले के विरोध में बुधवार को जिले में कई स्थानों पर प्रदर्शन किए गए और आतंकवाद का पुतला जलाया गया। इस दौरान हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। इसी क्रम में जिला मुख्यालय के वार्ड 02 स्थित आजाद चौक पर बुधवार शाम को पीसीसी सचिव मुश्ताक खान के नेतृत्व में वार्डवासियों व कार्यकर्ताओं ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मोमबत्ती जलाकर व दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान उपस्थित जनों ने कहा कि इस प्रकार नाम और धर्म पूछकर सरेआम हत्या करना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान पीसीसी सचिव मुस्ताक खान ने कहा कि अब समय आ गया दुश्मनों को सबक सिखाने का। उन्होंने कहा कि पूरा देश भारत सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दुश्मनों को उसी भाषा में जवाब देगा। तभी उन शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद अंजनी शर्मा, यूथ सचिव महेश दूकिया, किशोरी भाटी, अंजार खान, गुलनार खान, अज्जू लुहार, अमजद खान, सलीम लुहार, अजीज अली, जिन्दू सिक्का, चांद सिक्का, ओम सोनी, असलम खान, महावीर मेघवाल छोटू बंगाली, रिद्धकरण माली, मंगतूराम, उमरदीन, आरिफ काजी, रामवतार नाई, राजू लुहार, आसिफ मुन्यान, शोएब, अदनान भाटी, शाहिद, आदिल गौरी, राजा खान, फरियाद मोयल, कुलदीप, आवेश, जुबेर मोयल, फरियाद मोयल, लतीफ खान सहित बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कैंब्रिज सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने दिखाई मिसाल, बच्चों को बांटे परिंडे



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** गर्मी का मौसम अपने चरम पर है और जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, वैसे-वैसे बेजुबान पक्षियों के लिए पानी की उपलब्धता एक गंभीर चुनौती बन जाती है। इसी भावना को समझते हुए कैंब्रिज सीनियर सेकेंडरी स्कूल लगातार समाज को जागरूक करने का कार्य कर रहा है। गुरुवार को भी इसी कड़ी में विद्यालय की ओर से विद्यार्थियों को पानी के परिंडे बांटे गए और उन्हें पक्षियों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। संस्था के निदेशक महावीर सिंह निठारवाल ने बताया कि भीषण गर्मी में जब मानव भी प्यास से व्याकुल हो उठता है, तो सोचिए उन पक्षियों का क्या हाल होता होगा जो अपनी प्यास किसी से कह भी नहीं सकते। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य बनता है कि वह अपने घर के बाहर एक परिंदा अवश्य लगाए और उसमें नियमित रूप से स्वच्छ पानी भरे। उन्होंने बताया कि विद्यालय समय-समय पर विद्यार्थियों को परिंडे वितरित करता है और उन्हें यह जिम्मेदारी भी देता है कि वे अपने परिवार के अन्य सदस्यों को भी इस कार्य में शामिल करें। इस अवसर पर जयपुर टाइम्स के संपादक रामेश्वर लाल जाट, संस्था के अध्यापक राजेन्द्र जानू, मनोज गोयल, ओम कंवर आदि उपस्थित रहे। जयपुर टाइम्स संपादक रामेश्वर लाल जाट ने कहा कि इस तरह की पहल से बच्चों में करुणा, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। परिंदे लगाना सिर्फ एक पर्यावरणीय कदम नहीं, बल्कि यह इंसानियत का प्रतीक भी है। एक छोटा सा प्रयास कई जीवन बचा सकता है। बच्चों को शुरू से ही ऐसी आदतें सिखाई जाएं तो वे आने वाले कल के एक जागरूक नागरिक बन सकते हैं। निश्चित ही कैंब्रिज स्कूल की यह मुहिम एक अनुकरणीय पहल है, जो समाज को नई दिशा दे रही है।

# नुक्कड़ नाटक से विद्यार्थियो को जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के तहत जल प्रदाय और सीवरेज योजना को लेकर शहरवासियों को नुक्कड़ नाटक के जरिए जागरूक किया। अपना थिएटर संस्थान अजमेर के कलाकारों ने शहर के विभिन्न इलाकों में नाटक प्रस्तुत किए। इन नाटकों में पेयजल और सीवर कनेक्शन लेने के फायदे बताए। लोगों को कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित किया। आरयूआईडीपी के अधिशाषी अभियंता देवेन्द्र सैनी ने बताया कि यह आयोजन सामुदायिक जागरूकता और जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है। स्पेशल अवेयरनेस कैंपेन फॉर वॉटर और सीवर कनेक्शन के तहत नुक्कड़ नाटकों के जरिए जल प्रदाय और सीवरेज योजना की जानकारी दी जा रही है। जिसके तहत सनातन धर्म पंचायत विधालय में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया है जिसके तहत स्कूल के बच्चो को मीटर युक्त पेयजल कनेक्शन,सीवर कनेक्शन की प्रक्रिया, जल मीटर के लाभ, जल संरक्षण और ठोस कचरा निस्तारण के बारे में बताया गया, उपभोक्ताओं के शौचालय, रसोई और बाथरूम से निकलने वाले गंदे पानी को सीवर प्रणाली से जोड़ा जा रहा है

# आचार्या निर्मला छबलानी सम्मान की घोषणा, चार विशिष्ठ प्रतिभाओं का होगा सम्मान


डॉक्टर अंजलि कंवर


डॉक्टर भरत सहारण


गर्व मुरारका, सीए

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ(निस)।** राज्यपाल से सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका के रूप में सम्मानित श्री गांधी बाल निकेतन, रतनगढ़ की पूर्व आचार्या निर्मला छबलानी की स्मृति में द्वितीय सम्मान समारोह का आयोजन गुरूवार, 1 मई को जयपुर में आयोजित किया जाएगा। रतना देवी हरिराम बाखरू सोसायटी जयपुर के अध्यक्ष डॉक्टर जवाहर बाखरू ने बताया कि समाजसेवा के लिए निर्धारित श्रेणी में बाड़मेर के 50 विलेजर्स सेवा संस्थान के संस्थापक डॉक्टर भरत सहारण एवं जोधपुर की यूनिवर्सल जस्ट एक्शन सोसायटी के संस्थापक एडवोकेट हिंदू सिंह सोढ़ा को 21-21 हजार रूपये की सम्मान राशि व स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके उल्लेखनीय योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की जाएगी। बाल निकेतन के लिए निर्धारित श्रेणी में विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी सीए गर्व मुरारका तथा डॉक्टर अंजलि कंवर को 11-11 हजार रूपए की सम्मान राशि एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम के संस्थापक समन्वयक डॉक्टर प्रकाश छबलानी ने बताया कि बाड़मेर में कार्यरत डॉक्टर भरत सहारण को थार के प्रतिभावान जरूरतमंद युवाओं को मेडिकल की प्रवेश परीक्षा के लिए पूर्णतः नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण उपलब्ध करवाकर अब तक 110 से अधिक युवाओं को डॉक्टर बनाने के लिए, जोधपुर के एडवोकेट हिंदू सिंह सोढ़ा को  भारत में निवास करने वाले पाकिस्तानी अल्पसंख्यकों के हित में किए जा रहे सेवाकार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। वहीं बाल निकेतन के पूर्व विद्यार्थी गर्व मुरारका को सीए फाइनल परीक्षा 2024 में ऑल इण्डिया 29वीं रैंक तथा डॉक्टर अंजलि को नीट पीजी प्रवेश परीक्षा 2024 में ऑल इण्डिया दूसरी रैंक हासिल करने पर सम्मानित किया जायेगा।


आचार्या सुश्री निर्मला छबलानी


हिंदू सिंह सोढ़ा, एडवोकेट

# लालगढ़ ग्राम पंचायत को यथावत रखने की मांग



जयपुर टाइम्स

**खेतड़ी(निस)।** क्षेत्र के राजस्व गांव लालगढ़, काली पहाड़ी व जसवंत नगर के ग्रामीणों ने रामकुमारपुरा सरपंच प्रतिनिधि विजेश कुमार सैनी के नेतृत्व में गुरुवार को उपखंड अधिकारी मुकेश चौधरी को ज्ञापन दिया और नवसृजित ग्राम पंचायत लालगढ़ को यथावत रखने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि नवसृजित ग्राम पंचायत लालगढ़ में तीन राजस्व गांव लालगढ़, काली पहाड़ी और जसवंत नगर को मिलाकर राज्य सरकार की ओर से नई ग्राम पंचायत का गठन किया जा रहा है, लेकिन कुछ लोग निजी स्वार्थ के लिए आपत्ति दर्ज करा रहे हैं और बाकी तीनों गांव के ग्रामीण लालगढ़ को ग्राम पंचायत बनाने में सहमत हैं। विजय कुमार सैनी ने बताया कि जिला कलेक्टर रामोतार मीणा की ओर से 6 अप्रैल को नवसृजित ग्राम पंचायत लालगढ़ का प्रस्ताव भेजा था। उन्होंने बताया कि पपूरना ग्राम पंचायत से करीब 30 वर्ष पहले लालगढ़ को राजस्व गांव बनाया गया था। जिसकी 2011 की जनगणना के अनुसार 3380 जनसंख्या थी अभी वर्तमान में भी लालगढ़ की जनसंख्या दोनों गांव से ज्यादा है। राजस्व गांव लालगढ़ अन्य राजस्व गांव कालीपहाड़ी व जसवंत नगर गांव से बिल्कुल बीच में स्थित है। लालगढ़ में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजकीय पशु चिकित्सालय, उप स्वास्थ्य केंद्र आंगनवाड़ी केंद्र आदि है और ग्राम पंचायत कार्यालय बनाने के लिए राजकीय विद्यालय के पास करीब 15, 20 बीघा सरकारी भूमि भी उपलब्ध है। ग्रामीणों ने बताया कि नवसृजित ग्राम पंचायत लालगढ़ में शामिल राजस्व गाँव कालीपहाड़ी व जसवंत नगर के मध्य होने से पंचायत हैडक्वाटर करीब 1 किलोमीटर की दूरी पर रहेगा जिससे आमजन को पंचायत मुख्यालय में आने से कोई परेशानी नहीं होगी,पंचायत मुख्यालय नजदीक होने से नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। ग्रामीणों ने बताया कि कालीपहाड़ी व जसवंतनगर के ग्रामीण भी लालगढ़ को ग्राम पंचायत बनवाना चाहते हैं इसलिए राजस्व गांव लालगढ़ को यथावत ग्राम पंचायत रखा जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि नवसृजित ग्राम पंचायत लालगढ़ से अगर कोई छेड़खानी हुई तो ग्रामीण बर्दाश्त नहीं करेंगे ओर बड़ा आंदोलन करेंगे। इस मौके पर सुनील मीणा, बिड़दुराम, गिरधारी, रोहतास मीणा, विजेंद्र सिंह, रामजीलाल, रामकुमार गुर्जर, रवि सेन, मुखराम जाट, अजय शर्मा, छाजुराम शर्मा, सुरेंद्र सैनी, ओम प्रकाश सैनी, रिशाल मीणा, अमीलाल गुर्जर, लक्ष्मण सैनी, अनिल कालीपहाड़ी, मुकेश कालीपहाड़ी, सुनील कालीपहाड़ी, दीपक काली पहाड़ी, राजू सिंह, विजय सिंह, दीपक सिंह, माल सिंह और रणजीत सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।